



दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 278 जयपुर, सोमवार, 16 सितंबर, 2024 । भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


## जरूरी खबर

### स्वास्थ्य बीमा पर टैक्स का फैसला नवंबर में




**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद की बैठक के निर्णयानुसार 13 सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) का गठन किया गया है। रविवार को हुई जीएसटी परिषद की बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पादों के प्रीमियम पर जीएसटी दर का सुझाव देने के लिए मंत्रिसमूह को 30 अक्तूबर तक का समय दिया गया है। जीओएम के संयोजक बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी होंगे। समूह में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब, मेघालय, गोवा, और गुजरात के सदस्यों को भी शामिल किया गया है।

### सैनिक को बेटे ने दी मुखाग्नि, बेटी ने किया सैल्यूट



**झुंझुनू/जयपुर।** झुंझुनू निवासी व रक्षा सेवा कोर (डीएससी) में हवलदार जितेंद्र सिंह शेखावत (48) का रविवार शाम अंतिम संस्कार किया गया। जवान का सिक्किम में चीन बॉर्डर पर निधन हो गया था। जवान को भाई रविंद्र सिंह और बेटे हर्षवर्धन (17) ने मुखाग्नि दी। इस दौरान वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे। इससे पहले बेटे हर्षवर्धन और बेटी अंकिता ने पिता की पार्थिव देह को अंतिम बार सैल्यूट किया। इससे पहले तिरंगा यात्रा के साथ जितेंद्र सिंह की पार्थिव देह रविवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे पैतृक गांव सुलताना लाई गई।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


## आरएसएस का एकत्रीकरण कार्यक्रम: सरसंघचालक ने कहा- सामाजिक समरसता से लाएं परिवर्तन

# हमें छुआछूत के भाव को पूरी तरह मिटा देना है: डॉ. मोहन भागवत

**बेधड़क** | जयपुर/अलवर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हम अपने धर्म को भूलकर स्वार्थ के अधीन हो गए, इसलिए छुआछूत चला। ऊंच-नीच का भाव बढ़ा, हमें इस भाव को पूरी तरह मिटा देना है। जहां संघ का काम प्रभावी है। संघ की शक्ति है, वहां कम से कम मंदिर, पानी, श्मशान सब हिंदुओं के लिए खुले होंगे, यह काम समाज का मन बदलते हुए करना है। सामाजिक समरसता के माध्यम से परिवर्तन लाना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक अनुशासन इन पांच विषयों को अपने जीवन में उतारने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि जब इन बातों को स्वयंसेवक अपने जीवन में उतारेंगे तब समाज भी इनका अनुसरण करेगा। डॉ. भागवत रविवार को अलवर के इन्दिरा गांधी खेल मैदान में अलवर नगर के स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष संघ कार्य को सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं।

### हम अपने धर्म को भूलकर स्वार्थ के अधीन हो गए, इसलिए यह कुरीति पनपी



### मातृ स्मृति वन में किया वृक्षारोपण

नगर एकत्रीकरण कार्यक्रम के पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के निमित्त सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत भूरासिद्ध स्थित मातृ स्मृति वन में पहुंचे, जहां उन्होंने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के दौरान संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख अरुण कुमार जैन, क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल, क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख श्रीवर्द्धन, क्षेत्र कार्यवाह जसवंत खत्री, क्षेत्र सह कार्यवाह गेंदालाल और क्षेत्र प्रचार प्रमुख डॉ. महावीर कुमावत उपस्थित रहे। केन्द्र सरकार में वन मंत्री भूपेन्द्र सिंह यादव और राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा सहित विभाग के उच्च अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे।

### हमें हमारे राष्ट्र को समर्थ करना है

मोहन भागवत ने कहा कि हमें हमारे राष्ट्र को समर्थ करना है। हमने प्रार्थना में ही कहा है कि यह हिंदू राष्ट्र है, क्योंकि हिंदू समाज इसका उत्तरदायी है। इस राष्ट्र का अच्छा होता है तो हिंदू समाज की कीर्ति बढ़ती है। इस राष्ट्र में कुछ गड़बड़ होता है तो हिंदू समाज पर आता है, क्योंकि वही इस देश का कर्ताधर्ता है। डॉ. भागवत ने कहा कि राष्ट्र को परम वैभव संपन्न और सामर्थ्यवान बनाने का काम पुरुषार्थ के साथ करने की आवश्यकता है। हमें समर्थ बनना है, इसके लिए पूरे समाज को योग्य बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं, यह वास्तव में मानव धर्म है। विश्व धर्म है और सबके कल्याण की कामना लेकर चलता है। हिंदू मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव, जो सब कुछ स्वीकार करता है। अलवर नगर एकत्रीकरण के दौरान संघ दृष्टि से चार उपनगरों की चालीस बस्तियों से 2842 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का युवाओं के लिए ऐलान...

# प्रदेश में बीस नए ITI और 10 पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलेंगे

■ 5 साल में सृजित होंगे 10 लाख रोजगार ■ शिक्षा ही समृद्ध समाज की नींव

- राज्य सरकार युवाओं को उपलब्ध करा रही आगे बढ़ने के अवसर
- सीएम हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिल

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रतिभाएं अपनी मेहनत और लगन से समाज एवं देश का नाम रोशन करती हैं। उनका सम्मान करने से उन्हें प्रोत्साहन मिलता है तथा अन्य लोग भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं। शर्मा रविवार को जयपुर की बस्सी तहसील स्थित बेनाड़ा धाम में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा जयपुर की ओर से आयोजित सामूहिक गोठ एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि हम जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर जरूरतमंद लोगों की मदद करें और उन्हें आगे बढ़ाएं।

शर्मा ने कहा कि आपसी भाईचारे की भावना और सर्व समाज को साथ लेकर चलने से ही हम विकसित राजस्थान का संकल्प साकार कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मजबूत एवं समृद्ध समाज की नींव शिक्षा पर टिकी है, इसलिए राज्य सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए भरपूर अवसर उपलब्ध करवा रही है। 8वीं, 10वीं तथा 12वीं कक्षा में मेरिट में आने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 3 साल तक की इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ टैबलेट निशुल्क दिए जा रहे हैं। 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए प्रतिष्ठित कम्पनियों के माध्यम से कॉर्पोरेट सर्टिफिकेशन प्रोग्राम संचालित करने के लिए प्रदेश के सभी संभागों में राजस्थान फिनिशिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। युवाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम चलाया जाएगा।




### बच्चों को आगे बढ़ाएं अभिभावक

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिभावकों का यह दायित्व है कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर कला, विज्ञान, खेल और तकनीकी जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाएं, साथ ही उन्हें बुजुर्गों की सेवा करने के संस्कार भी दें। इस अवसर पर अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा जयपुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचन्द शर्मा तथा प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण कांजला सहित महासभा के विभिन्न पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### उच्च शिक्षा का खर्च उठाएगी राज्य सरकार

राज्य में 20 नए आईटीआई और 10 पॉलिटेक्निक कॉलेज खोले जाएंगे। स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर अकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत विद्यार्थियों की देश-विदेश में उच्च शिक्षा का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि कौशल विकास के लिए स्टेट स्किल पॉलिसी बनाकर 2 साल में लगभग 1.5 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। अटल इनोवेशन स्टूडियो की स्थापना से रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 5 साल में सरकारी एवं निजी क्षेत्र में 10 लाख रोजगार उपलब्ध कराएगी।

### रैवासा में चादरपोशी में शामिल हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सीकर के दांतारामगढ़ क्षेत्र के रैवासा धाम में अग्र पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज के देवलोक गमन पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शर्मा रैवासा के नए पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास महाराज की चादरपोशी कार्यक्रम में शामिल हुए तथा माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर महाराज से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद धनश्याम तिवाड़ी ने मुख्यमंत्री को रैवासा धाम के प्राचीन इतिहास के बारे में जानकारी भी दी। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, विधायक गोवर्धन वर्मा, सुभाष मील, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती सहित साधु-संत व कई जनप्रतिनि उपस्थित रहे।



## हिंडोली में एनएच 52 और पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र में दो भीषण सड़क हादसों ने हिलाया

# तूफान गाड़ी और कार में जा रहे 13 लोगों की मौत... 18 घायल

● मध्यप्रदेश से खाटू दर्शनों के लिए आ रहे थे ● कार में फंसे शवों को क्रेन से निकाला ● मृतकों के परिवार को 2-2 लाख रुपए का मुआवजा

**बेधड़क** | जयपुर/बूंदी/सिरोही

प्रदेश में रविवार को दो जगह हुए भीषण सड़क हादसों में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 से अधिक लोग घायल हो गए। पहली दुर्घटना में एमपी से खाटूश्याम जी जा रहे 6 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई, तो तीन लोग गंभीर घायल हो गए। ये लोग कार से जा रहे थे, जिसे ट्रक ने टक्कर मार दी। जबकि दूसरा हादसा सिरोही के पिंडवाड़ा में हुआ, जिसमें 7 जनों की मौत हो गई और 15 से अधिक लोग घायल हो गए। एनएच 52 पर रविवार अलसुबह बड़ा हादसा हुआ। मध्य प्रदेश के देवास से नौ लोग 14 सितंबर की रात खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए निकले थे। कोटा होते हुए इनकी गाड़ी हिंडोली पहुंची थी।

हिंडोली थाना क्षेत्र के हाईवे की पुलिया के पास (लघधरिया भैरू जी के स्थान) गलत साइड से आकर एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार सवार 6 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन लोग घायल हो गए। इसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे कोटा रेफर किया गया है। कार में बुरी तरह फंसे शवों को क्रेन की मदद से निकाला गया। हादसा रविवार सुबह करीब 4 बजे हुआ। एसपी हनुमान प्रसाद मीणा के अनुसार सभी मृतक मध्य प्रदेश के देवास के रहने वाले हैं। हादसे में घायल हुए लोगों का बूंदी के जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल एक युवक को कोटा रेफर किया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। कार सवार बुरी तरह फंस गए। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। हादसे की सूचना मिलने पर गस्त रही पुलिस मौके पर पहुंची और संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस को सूचना दी। मौके पर शव कार में बुरी तरह फंसे हुए थे। शवों को निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। क्रेन की मदद से शवों को निकाला गया।



### एमपी के सीएम यादव ने जताया दुख

मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव ने X पर पोस्ट करते हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा, "हादसे में घायलों के समुचित उपचार के लिए राजस्थान सरकार के संपर्क में हैं। बाबा महाकाल दिवंगतों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मृतकों के परिवार को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए गए हैं।"

### सिरोही के पिंडवाड़ा में 7 की मौत, 15 घायल

**उधर,** सिरोही जिले के पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र के कांटल के पास रविवार रात ट्रक और तूफान टैक्सी (जीप) में भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर हाहाकार मच गया। वहां पहुंचे लोगों से मिली सूचना पर पुलिस पहुंची। एसपी अनिल कुमार बेनीवाल ने बताया कि टैक्सी में सवार सभी लोग उदयपुर के आदिवासी क्षेत्र के हैं। सभी पाली में मजदूरी के लिए जा रहे थे, तभी हादसा हो गया, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 से अधिक लोग जखमी हो गए। इधर, मौके पर एसपी अनिल कुमार और जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी पहुंची हैं। सीओ पिंडवाड़ा भंवरलाल चौधरी ने बताया कि थानाधिकारी हमीर सिंह भाटी सहित अन्य पुलिस अधिकारी सूचना पर मौके पर पहुंचे। घटना के बाद तूफान टैक्सी चकनाचूर हो गई और उसमें सवार लोग गाड़ी में ही फंस गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद फंसे लोगों को बाहर निकाला और राजकीय अस्पताल भिजवाया, जहां लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

## जहाजपुर में जुलूस के दौरान पथराव का मामला

# पालकी रखकर धरने पर बैठे... दोबारा जुलूस निकालने पर अड़े लोग

- गुस्साए लोगों ने कहा- कार्रवाई नाकाफी, अवैध निर्माण ध्वस्त हों
- नजदीकी गांवों में भी हुई सभाएं, बाजार बंद का लिया फैसला
- पालकी रख रातभर वहीं बैठे लोग, धरना रविवार को रहा जारी

**बेधड़क** | जयपुर/भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में शाहपुरा के जहाजपुर में 14 सितंबर (शनिवार) को जुलूस पर पथराव के बाद उपजा आक्रोश फिलहाल शांत नहीं हुआ है। पत्थरबाजी से गुस्साए लोग पालकी को कल्याण मंदिर के पास ही रखकर धरने पर बैठ गए। जानकारी के अनुसार धरना शनिवार रात 11 बजे खत्म हो गया था, लेकिन पालकी को वहीं रखा गया। 10 लोग पालकी के पास रातभर बैठे रहे। धरना रविवार को भी जारी रहा। इन सबके बीच शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का जाब्ता तैनात किया गया है। लोगों से समझाइश जारी है। इधर, मामले को लेकर रविवार को इलाके के बाजार बंद रहे। लोगों ने पालकी जुलूस दोबारा निकालने की मांग की है। इधर, जहाजपुर की घटना के विरोध में रविवार को नजदीकी पारोली और खजूरी कस्बे के बाजार भी बंद रखे गए। पारोली में रविवार सुबह हनुमान मंदिर में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें जहाजपुर की घटना को लेकर चर्चा की गई और निंदा की गई। घटना के विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद रखने का फैसला लिया। धरनास्थल कल्याणजी मंदिर के पास बड़ी संख्या में एक बार फिर लोग जुट गए हैं। नारेबाजी की जा रही है।



### उपद्रवियों के घर पर भी चलाया जाए बुलडोजर: विधायक

घटनास्थल पर रविवार को जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि हम किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। हम चाहते हैं कि हर समाज अपना उत्सव शांति और भाईचारे से मनाए। हमारा भी जुलूस निकले और दूसरे पक्ष का भी जुलूस निकले। विधायक ने कहा कि शनिवार को दूसरे पक्ष की ओर से पथराव किया गया। इसमें मुझे भी चोट लगी। हमारी मांग यह है कि अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाए। हम किसी भी समाज के जुलूस को नहीं रोकेंगे। हम शांति से यहां बैठे हैं, लेकिन अवैध निर्माण ध्वस्त होना चाहिए। पुलिस को हमने 35 लोगों के नाम दिए थे। अभी कुछ ही लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पथराव करने वालों के घरों में बुलडोजर चलना चाहिए। हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहेगा।

### कलेक्टर बोले- उचित कार्रवाई होगी

जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि घटना के तुरंत बाद मैं और एसपी राजेश कांवट मौके पर पहुंच गए थे। दोनों पक्षों को समझाया और मौके से हटाया था। रात में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। जो उचित एक्शन लेना चाहिए वह लिया जा चुका है। कुछ लोगों को डिटेन किया गया था। इनमें एक महिला भी है। रात में दो-तीन छिटपुट घटनाएं हुई। अवैध अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई हुई है। दो इमारतों के खिलाफ नोटिस जारी किए हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण अवैध है। तालाब के पास कुछ अवैध केबिन हटाए गए। एसडीएम हालात देख रहे हैं।

## जरूरी खबर

### राजेंद्र राणा फिर निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के चुनाव जयपुर में में हुए। इसमें राज्य के विभिन्न 41 संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी ने निर्वाचन में भाग लिया। इसमें प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन प्रकाश शर्मा ने राजेंद्र राणा का पुनः अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए नाम प्रस्तावित किया। सदन ने सर्वसम्मति से दो वर्ष के लिए पुनः निर्विरोध निर्वाचित किया।

### प्रभारी मंत्री कल रहेंगे अपने जिले के दौरे पर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रभारी मंत्री 17 सितंबर को अपने-अपने जिले में दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024, मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव और राजकीय कार्यों के शिलान्यास व लोकापर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। जिला प्रभारी मंत्री राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट के संबंध में आयोजित होने वाले जिला समिति की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। इसके साथ ही एसडीआरएफ के तहत स्वीकृत व प्रस्तावित कार्यों, बजट घोषणाओं के तहत कराए जाने वाले कार्यों के लिए भूमि आवंटन संबंधित कार्यों एवं बजट घोषणाओं की समीक्षा करेंगे।

### युवा किसानों को मिलेगा विदेशों में प्रशिक्षण

**जयपुर।** प्रदेश के 100 युवा एवं प्रगतिशील किसान प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों के हितों में निरंतर फैसले ले रही राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम शुरू करने का निर्णय लिया है। युवा प्रगतिशील कृषक अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र के माध्यम से राजकिसान साथी पोर्टल पर 25 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कर्नाटक विसं अध्यक्ष ने की बागडे से मुलाकात



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से रविवार को राजभवन में कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खादिर ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान राज्यपाल से उन्होंने विभिन्न संवैधानिक मुद्दों पर संवाद किया।


---

## रैवासा पीठ के 18वें पीठाधीश्वर बने राजेंद्रदास देवाचार्य... संत-महंतों ने चादर ओढ़ाकर किया स्वागत

# रैवासा पीठाधीश्वर की चादरपोशी कार्यक्रम में शामिल हुए CM

बेधड़क | जयपुर

रैवासा पीठ के उत्तराधिकारी राजेंद्र दास देवाचार्य चादरपोशी के बाद पीठ के 18वें पीठाधीश्वर बन गए हैं। चादरपोशी का कार्यक्रम जानकीनाथ बड़ा मंदिर परिसर में हुआ। सबसे पहले प्रमुख पीठाधीश्वरों, महामंडलेश्वरों व साधु-संतों ने पूजा अर्चना कर विधि-विधान के साथ रैवासा की गद्दी पर उत्तराधिकारी राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज को विराजित किया। इसके बाद वे रैवासा पीठ के नए पीठाधीश्वर घोषित किए गए। बाद में सभी संत-महंतों ने पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज को चादर ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी पहुंचे।



मंदिर प्रांगण में चादरपोशी होने के बाद नए पीठाधीश्वर को पांडाल में ले जाया गया, जहां संत-महंतों ने उनका चादर ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान अनेक पीठों के पीठाधीश्वरों, महामंडलेश्वरों और संत महंतों ने संबोधित किया। मंदिर प्रांगण में सीएम भजनलाल शर्मा भी पहुंचे और पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज की चादरपोशी कर उनसे आशीर्वाद लिया। सीएम आधे घंटे तक मंदिर में रुके। इस अवसर पर कार्यक्रम राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, हवामहल विधायक और हाथोज महंत बालमुकुंद आचार्य, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, विधायक गोवर्धन वर्मा, सुभाष मील, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल, रैवासा गांव के सरपंच सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### देवलोकगमन से 3 दिन पहले सौंपा वसीयतनामा

पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य ने गद्दी संभालते हुए कहा कि मैं महाराज (राघवाचार्य) से कई बार मिला। लेकिन उन्होंने इस विषय में कभी बात नहीं की। देवलोकगमन से 3 दिन पहले (27 अगस्त) उन्होंने राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी को बुलाकर अपना वसीयतनामा सौंपा। पीठाधीश्वर ने कहा कि राघवाचार्य महाराज उनसे इतना प्रेम करते थे कि उन्होंने अपने इच्छा-पत्र पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से हस्ताक्षर करवा कर मुझे रैवासा पीठ का उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि अगर राघवाचार्य महाराज उन्हें यह जिम्मेदारी देने से पहले बताते तो मैं उनके पैर पकड़ कर मना कर देता, लेकिन अब वह मुझे रैवासा पीठ की जिम्मेदारी सौंप कर गए हैं तो मैं निश्चित इस जिम्मेदारी को निभाऊंगा और रैवासा पीठ को आगे तक ले जाने के लिए काम करूंगा।

### कार्यक्रम में ये साधु संत रहे मौजूद

कार्यक्रम में घाना पीठाधीश्वर महंत बजरंग देवाचार्य तापड़िया धाम, महामंडलेश्वर महंत सियारामदास गलता गेट, महंत अयोध्यादास, महंत अलबेली माधुरीशरण शुक्र संप्रदाचार्य, महंत राजूदास हनुमानगढ़ी, सतुआ बाबा बनारस, आचार्य पीठ जयरामदास महाराज श्रीबालंद मठ जयपुर सहित अनेक धर्माचार्य चादरपोशी के कार्यक्रम में शामिल होंगे। महामंडलेश्वर रंग महल के महंत जी, आचार्य किशोर दास वृंदावन, अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता गौरीशंकर दास हनुमानगढ़ी, ईश्वरदास महाराज ऋषिकेश, महामंडलेश्वर ओमकार दास चित्रकूट आदि मौजूद रहे।

---

## प्रदेशाध्यक्ष ने खींवसर में ली बीजेपी कार्यकर्ताओं की मीटिंग

# BJP कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक पार्टी: राठौड़

■ कार्यकर्ताओं से बूथ मैनेजमेंट को मजबूत करने पर दिया जोर

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में रविवार को नागौर के खींवसर विधानसभा में उपचुनावों को लेकर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित वो पार्टी है, जहां कार्यकर्ता को सर्वोपरि माना जाता है। भाजपा में 'बूथ जीते को चुनाव जीते' नीति पर कार्य करते हुए आमजन को जोड़ा जाता है। भाजपा अपने बूथ मैनेजमेंट को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

भाजपा का सदस्यता अभियान भी इसी बूथ प्रबंधन को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की रीति और नीति से आमजन को अवगत कराते हुए सरकार की योजनाओं को समझाना चाहिए और मतदाताओं को पार्टी से जोड़ना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बूथ व मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं से चुनावी चर्चा करते हुए खींवसर उपचुनाव की जीत को लेकर रणनीति बनाई।






### मोदी के जन्मदिन से 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा 17 से

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से भाजपा में 15 दिवसीय सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया जा रहा है। इस पखवाड़े में 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाई जाएगी। इस सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, सचित्र प्रदर्शनी, विषय आधारित संगोष्ठी, वृक्षारोपण अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



### योजनाओं को घर-घर पहुंचाएं कार्यकर्ता

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर भजनलाल सरकार की योजनाओं को बताना है और आमजन को सदस्यता ग्रहण करवानी है। भाजपा में सदस्य जोड़े नहीं जाते, बल्कि भाजपा परिवार का सदस्य बनाया जाता है। खींवसर संगठनात्मक बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीआर चौधरी, ज्योति मिर्धा, नारायण पंचारिया, महामंत्री जितेंद्र गोठवाल और मंत्री सुरेश रावत समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक मौजूद रहे।

### उपचुनाव की तैयारियों में जुटने आह्वान

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उपचुनाव की तैयारियों में जुट जाए। भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है, यहां कार्यकर्ता विचार और संगठन के अनुशासन का अनुसरण अवश्य करें। भाजपा में कार्यकर्ता परिवार के भाव के साथ काम करता है। उपचुनाव में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करने की अपील की।

---

## अमित शाह से मिले सीएम



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। उन्होंने यहां गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राजस्थान के सर्वांगीण और चहुंमुखी विकास की दिशा में किए जा रहे राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी कार्यों से गृह मंत्री को अवगत कराया।

---

## डॉ. किरोड़ी ने गृह राज्य मंत्री को सौंपी घोटालों की फाइल, कहा...

# गहलोत राज में हुए 3500 करोड़ के घोटाले

बेधड़क | जयपुर

भजनलाल सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने एक बार फिर सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया है। उन्होंने छह पन्नों का एक शिकायत पत्र गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम को देकर डीओआईटी में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया और दस मामलों में एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की है। डॉ. किरोड़ी का कहना है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय उन्होंने डीओआईटी में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया था। उसी समय योजना भवन स्थित डीओआईटी विभाग के बेसमेंट से 2.31 करोड़ रुपए नकद और एक किलो सोना मिला था।



उन्होंने कहा कि कम से कम दस मामले ऐसे हैं, जिनमें पहले कभी एफआईआर नहीं हुई। किरोड़ीलाल मीणा ने पत्र में बताया कि एक फर्म द्वारा ईपीडीएस प्रोजेक्ट में उदयपुर जिला रसद अधिकारी के फर्जी दस्तखत कर फर्जी दस्तावेजों से करोड़ों रुपए का भुगतान उठाया गया है, जबकि एक अन्य फर्म द्वारा ईपीडीएस प्रोजेक्ट के तहत टोंक जिला रसद अधिकारी के फर्जी दस्तखत कर फर्जी दस्तावेजों के जरिए डीओआईटी से करोड़ों रुपए का भुगतान उठाया गया है।

### फर्जी दस्तावेज से टेंडर, करोड़ों का भुगतान

डॉ. किरोड़ी ने आरोप लगाया कि राजस्थान अकाउंटेबिलिटी एश्योरेंस सर्विस प्रोजेक्ट के तहत एक फर्म ने फर्जी दस्तावेजों से टेंडर हासिल कर करोड़ों रुपए का भुगतान उठाया गया है, एक अन्य फर्म ने भी फाइबर ऑप्टिक केबल प्रोजेक्ट में फर्जी दस्तावेज से टेंडर हासिल कर करोड़ों रुपए का भुगतान उठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीओआईटी के दो अधिकारियों ने फर्जी दस्तावेजों से एक फर्म को एक टेंडर दिया।

---

## 'बीजेपी के चुनावी वादे हवा-हवाई'

**जयपुर।** पीसीसी अध्यक्ष गोविंद डोटासरा रविवार को रतनगढ़ में रुके। इस दौरान डोटासरा ने मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ निशाना साधा। उन्होंने 'एक राज्य एक चुनाव' पर जवाब देते हुए कहा कि भाजपा सरकार की ओर से 9 महीने में किसी भी प्रकार की तैयारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले जो वादे किए वो सब हवा-हवाई हो गए।

---

## लोकसभा स्पीकर ने जयपुर में कई कार्यक्रमों की शिरकत

# देश की आबादी अभिशाप नहीं, वरदान साबित होगी: बिरला

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को जयपुर दौरे पर रहे। उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। जयपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमें जाति के नाम पर टिकट नहीं मांगना चाहिए। जातियों के नाम पर नेतृत्व करना वैश्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अपनी संस्कृति, अपने काम की बदौलत ही चुनाव में जाते हैं। बिरला ने देश-प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर कहा कि एक समय था जब दुनिया भारत को बाजार समझती थी, लेकिन धीरे-धीरे अब वह समय आएगा, जब पूरी दुनिया भारत के लिए बाजार होगी। उन्होंने कहा कि मैंने कई देशों की यात्रा की है। जहां भी गया, मुझे समाज के लोग और भारतीय युवा काम करते मिले। जापान में तो युवाओं की कमी चलते हमारे देश के नौजवान वहां पर सेवाएं दे रहे हैं। मुझे लगता है आबादी अभिशाप नहीं, वरदान है। वो दिन दूर नहीं जब भारत का युवा विदेशों में प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज के लोगों को भारत के लिए काम करना है। हमें दृष्टिकोण के रूप में भारत नहीं बल्कि वर्ल्ड का बाजार होना चाहिए।

### लोकसभा अध्यक्ष बिरला व राज्यपाल की मुलाकात



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की रविवार को राजभवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात हुई। राज्यपाल ने राजभवन में बिरला का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान दोनों ने संसदीय परम्पराओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

---

## 'भारतीय युवा संसद' कार्यक्रम में बोले राज्यपाल...

# 'युवा शक्ति से ही भारत बनेगा विश्व का सबसे विकसित राष्ट्र': बागडे

बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि लोकतंत्र में संवाद का सर्वाधिक महत्त्व हैं। इसी से निर्णय संभव होते हैं, सहमति बनती है और लोकतंत्र सुदृढ़ होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र विश्वभर में सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं है बल्कि यह संवाद से लोक कल्याणकारी निर्णय लेने वाला भी सबसे बड़ा राष्ट्र है।

उन्होंने भारत को विश्व का सबसे बड़ा युवा देश बताते हुए कहा कि युवा शक्ति से ही भारत भविष्य का सबसे विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने युवाओं को 'विकसित भारत 2047' के लिए जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि भविष्य के विकास रथ के सारथी वही रहेंगे।बागडे रविवार को इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट के सभागार में 'भारतीय युवा संसद' के कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संवाद से सुस्वाद होता है और सुस्वाद से मैत्री होती है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग शक्ति और साहस का पुंज होता है। आजादी से पहले पूरे नब्बे साल तक युवाओं ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया। अनंत कांहेरी, खुदीराम बोस आदि युवा थे, तभी से अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष प्रारंभ कर दिया था। राज्यपाल ने युवाओं की शक्ति, दूसरे विश्व युद्ध और ब्रिटिश संसद में लोकशाही चुनाव कानून पारित करने की चर्चा करते हुए कहा कि युवा भागीदारी ने देश की आजादी में महती भूमिका निभाई।

उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्र विकास के नए आयाम स्थापित किए जाने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश को ज्ञान की दृष्टि से विश्वभर में अग्रणी किए जाने पर जोर दिया। इससे पहले राज्यपाल बागडे ने 'लोकतंत्र की विरासत' पुस्तक का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में 24 राज्यों से आए युवाओं ने भागीदारी की।




### लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करें युवा: देवनानी

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विश्व लोकतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें प्राचीनकाल से ही बहुत मजबूत रही है। यहां परिवार, समाज में आज भी लोकतंत्र की जड़ें जीवंत है। उन्होंने कहा कि युवा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करें। सहिष्णुता में जो कमी आ रही है, उस पर ध्यान दें। देवनानी ने कहा कि युवाओं में संसदीय परंपराओं का प्रसार हो। चुनौतियों का मुकाबला करने की शक्ति आए। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं द्वारा मेज़ थपथपाने को देखकर कहा कि यह युवाओं के लोकसभा, विधानसभा की ओर बढ़ने का प्रारंभ है। उन्होंने अधिकारों के साथ साथ युवाओं को कर्तव्य के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया।

### 'युवाओं को शॉर्टकट से बचना चाहिए'

कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खादिर ने कहा कि युवा देश की उम्मीद है। तीन दिन के इस कार्यक्रम में युवाओं को अपना ज्ञानवर्धन करने का भरपूर मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज लोग शॉर्टकट अपनाने से नहीं चूक रहे हैं। चाहे इसके लिए उन्हें कोई भी रास्ता क्यों नहीं अपनाना पड़े। युवाओं को इससे बचना चाहिए। समाज को मजबूत बनने के लिए युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल नेताओं और अधिकारियों के मजबूत होने से देश मजबूत नहीं हो सकता, बल्कि विद्यार्थियों के मजबूत होने से देश मजबूत होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में राजस्थान विधानसभा के स्पीकर प्रो. वासुदेव देवनानी और कर्नाटक विश्वविद्यालय के स्पीकर यूटी खादिर बतौर विशिष्ठ अतिथि मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर ग्रेटर नगर निगम की मेयर सौम्या गुर्जर ने की। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## जरूरी खबर

### चारों प्रकार के दान का महत्व समझाया



**जयपुर।** जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर में रविवार को त्याग धर्म पूजन का आयोजन हुआ। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि सुबह विधान मण्डल पाण्डुशिला पर शांतिधारा विनय नवीन सेठी परिवार व जिनेंद्र ललित जैन परिवारने की। नित्य पूजन व त्याग धर्म विधान पूजन शिखर चन्द किरण जैन ने किया और चारों प्रकार के दान का महत्व समझाया।

### एमएनआईटी में पिछले कुछ दिनों से बना हुआ था खौफ

# पिंजरे में कैद हुई 'रानी', रेस्क्यू कर नाहरगढ़ अभयारण्य छोड़ा

**बेधड़क** | जयपुर

पिछले कुछ दिनों से खौफ का पर्याय बनी मादा लेपर्ड रानी एमएनआईटी में लगाए गए पिंचरे में कैद हो गई। वन विभाग की टीम ने पैंथर को रेस्क्यू करके वापस नाहरगढ़ अभयारण्य में रिलीज कर दिया। दरअसल एमएनआईटी परिसर में छात्रों ने पैंथर घूमता हुआ देखकर वन विभाग को सूचना दी थी, जिसके बाद वन विभाग की ओर से पिंजरा लगाया गया था। इससे पहले भी यहां एक पैंथर का रेस्क्यू किया गया था। रविवार को दूसरा पैंथर भी वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया है।



### 4 को किया था एक मेल पैंथर का रेस्क्यू

डीएफओ जगदीश गुप्ता के मुताबिक जेएलएन मार्ग पर स्थित एमएनआईटी में पैंथर के मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग की ओर से पिछले दिनों पिंजरा लगाया गया था। मादा पैंथर के साथ उसके शावकों के मूवमेंट को देखते हुए तीन पिंजरे और कैमरा ट्रैप लगाए गए थे। इस दौरान पैंथर को पकड़ने के लिए भोजन भी पिंजरे में लगाया गया था। पिंजरा और कैमरा ट्रैप लगाने के साथ ही वन विभाग की टीम भी लगातार निगरानी रख रही थी। 4 सितंबर को एक मेल पैंथर का रेस्क्यू करके जंगल में रिलीज कर दिया गया था, जिसके बाद एक और पैंथर के मूवमेंट होने की आशंका को देखते हुए पिंजरे को लगाए रखा। पिंजरे में शनिवार देर रात एक फीमेल पैंथर कैद हो गई।

### डेढ़ साल से की जा रही थी पकड़ने की कोशिश

रेंजर झालाना देवेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि पिछले डेढ़ साल से रानी फीमेल नाम की लेपर्ड अपनी फैमिली के साथ यहां की पहाड़ी में रह रही थी। वन विभाग की टीम पिछले डेढ़ साल से इसको कैद करने की कोशिश कर रही थी, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पा रही थी। एमएनआईटी में उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से इसे यहां से शिफ्ट करवाने को कहा था। इसके साथ ही यहां पढ़ने वाले स्टूडेंट को खतरा था। इसके बाद यहां मॉनिटरिंग तेज कर दी गई। वन विभाग से चार-चार लोगों की टीमें बनी हुई थी। इसके साथ यहां 8 ट्रैप कैमरे और 6 पिंजरे लगाकर इन्हें रेस्क्यू करने का प्रयास किया जा रहा था।

### वन विभाग की टीम कर रही थी मॉनिटरिंग

डीएफओ जगदीश गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ वन्यजीव पशु चिकित्सक डॉक्टर अशोक तंवर, रेंजर जगदीश शर्मा, सहायक वनपाल कृष्ण कुमार मीणा, राजेंद्र सिंह समेत वन विभाग की टीम लगातार एमएनआईटी में मॉनिटरिंग कर रही थी। भोजन के लालच में पैंथर पिंजरे में कैद हो गई। पिंजरे में कैद हुए पैंथर को नाहरगढ़ जंगल में रिलीज कर दिया गया है।

### दिवाली से पहले बनाया जाएगा शहर को साफ-सुथरा

# पहले सुधरेंगी मुख्य सड़कें उसके बाद कॉलोनी रोड

■ नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सचिवालय में ली समीक्षा बैठक, अधिकारियों को निर्देश देने के साथ ही लिए उनसे सुझाव

**बेधड़क** | जयपुर

'दीपावली से पहले शहर को साफ सुथरा बनाएं। इसके साथ ही सड़कों की मरम्मत कर गड्ढा रहित बनाया जाए। सर्वप्रथम शहरों की मुख्य सड़कों का कार्य पूरा किया जाए और उसके बाद कॉलोनियों की अंदर की सड़कों का निर्माण व मरम्मत कार्य करवाया जाए।' ये निर्देश नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने दिए। वे रविवार को सचिवालय में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में सभी सम्बंधित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

नगरीय विकास मंत्री खर्रा ने कहा कि प्रदेश में इस बार मानसून जमकर बरसा है। इस दौरान कई जगह सड़कों के खराब होने की समस्या भी सामने आई है। इस मुद्दे को गंभीरता से लिए जाने के साथ ही निष्ठापूर्ण मंतव्य से सभी क्षतिग्रस्त सड़कों एवं सीवरेज लाइनों की त्वरित मरम्मत पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। नगरीय विकास मंत्री खर्रा ने सभी सम्बंधित विभागों की तैयारियों की समीक्षा करने और अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने के साथ ही सभी से उनके सुझाव भी लिए।

इस बैठक में वैभव गालरिया, प्रमुख शासन सचिव, नगरिय विकास विभाग, राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, आनंदी, आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, डा॰ रश्मि शर्मा, आयुक्त, आवासन मंडल, नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा, नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुकमणी रीआर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी व पीएचडी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में मालवीय नगर विधायक कालीचरण सर्राफ भी मौजूद रहे।



### राइजिंग राजस्थान को ध्यान में रखकर पूरे करें कार्य

झाबर सिंह खर्रा ने अधिकारियों को कहा कि राइजिंग राजस्थान के आगामी इन्वेस्टमेंट समिट को ध्यान में रखते हुए दीपावली से पूर्व ही क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव के सभी कार्यों सहित स्वच्छता-सम्बन्धी कार्य समयबद्धता व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे हों। कि वर्ष 2018 से 2023 तक किए गए काम में कई गलतियां रही हैं। इन सभी कमियों को जल्द से जल्द सुधरने के निर्देश दिए। किसी भी कमी या गलती के कारण आमजन को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसका विभाग विशेष तौर पर ध्यान रखें।

### प्लानिंग के साथ करें सीवरेज सफाई

खर्रा ने निर्देश दिए कि मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के दौरान सीवरेज और ड्रेनेज लाइनों का विशेषकर ख्याल रखा जाए। जिन जगहों पर सीवरेज-ड्रेनेज लाइनों का निर्माण कार्य चल रहा है, वहां पहले इसे पूर्ण कर बाद में सड़क का काम शुरू हो ताकि संसाधनों एवं आमजान के कर का सही उपयोग हो पाए। इसके साथ ही सीवरेज सफाई के बाद मलबे को तुरंत उठा लिया जाए, क्योंकि ये बाद में नालों में ही चला जाता है। सीवरेज सफाई की पहले और बाद की वीडियोग्राफी करवाने के भी निर्देश दिए।

### गारंटी पीरियड में पूरी करें बजट घोषणाएं

खर्रा ने कहा कि बजट घोषणाओं वाले गारंटी पीरियड कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। इसे तय करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, ऊर्जा स्वायत्त शासन विभाग और जेडीए आपस में सामंजस्य बनाकर काम करें, ताकि आमजन की हितार्थ योजनाओं को जल्द से जल्द और गुणवत्तापूर्ण कार्यों के साथ धरातल पर उतरा जा सके।

### रोड एंबुलेंस से करवाई जा सड़कों की पैच रिपेयरिंग



जयपुर। जेडीए शहर में वर्षा एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त सड़कों की रोड एम्बूलेंस की तकनीक से पैच रिपेयरिंग का कार्य करवाया जा रहा है। इस तकनीक में मुख्य सड़क पर लगभग 2.0x1.0 के पैच कार्य की सफाई करके बिटुमन मिक्स को पोट होल्स में डाला जाता है एवं 130 डिग्री-180 डिग्री पर हीटर द्वारा गर्म कर प्लेट करब्रेटर कॉमपलटन किया जाता है। इसके पश्चात ट्रैफिक खोल दिया जाता है।

### गुणवत्ता जांच को गंभीरता से नहीं ले रहे अभियंता

खर्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों की गुणवत्ता जांचने के लिए कई अभियंताओं को ज़िम्मेदारी सौंपी गई थ, जिनके द्वारा इस कार्य को गंभीरतापूर्ण नहीं लिया जा रहा है। ऐसे सभी अधिकारी अपने कार्यों का निर्वहन करने के साथ ही जलभराव की समस्या पर भी विशेष ध्यान दें। खर्रा ने आवासन मंडल और प्रताप नगर की आईएएस कॉलोनी के साथ ही सभी कॉलोनियों के औचक निरीक्षण और कमी एवं गुणवत्ता रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### SMS अस्पताल में एक माह में तीसरा अंगदान

# सावित्री ने दिया 3 लोगों को जीवनदान

**बेधड़क** | जयपुर

अलवर जिले के टहला निवासी 49 वर्षीय सावित्री देवी मरते-मरते तीन लोगों को जीवनदान दे गई। सड़क हादसे में घायल सावित्री का ब्रेन डेड होने पर परिजनों ने उनके अंगदान कर दिए। गौरतलब है कि एक महीने में प्रदेश में यह तीसरा अंगदान का केस है।

सवाई मानसिंह अस्पताल के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्चरी ने बताया कि अलवर जिले के टहला निवासी 49 वर्षीय सावित्री देवी सड़क हादसे में गंभीर घायल हो गई थीं। उन्हें 10 सितंबर को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। चिकित्सकों के लगातार प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। ब्रेन डेड होने पर अस्पताल प्रशासन ने परिजनों को अंगदान के लिए प्रेरित किया गया। परिजनों की सहमति एवं साहसिक निर्णय उपरांत सावित्री के अंगदान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सावित्री की दोनों किडनी एवं लीवर सवाई मानसिंह अस्पताल में ही उपचाराधीन तीन रोगियों को प्रत्यारोपित कर उन्हें नया जीवन प्रदान किया गया।

अस्पताल प्रशासन ने अंगदान के लिए सावित्री के परिजनों का आभार व्यक्त किया और पार्थिव देह उन्हें सौंपी। अंगदान की प्रक्रिया में न्यूरोसर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीष अग्रवाल एवं एनेस्थिसिया विभाग में प्रोफेसर डॉ. चित्रा सहित सोटो की टीम की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



### बुजुर्ग की मौत के बाद अस्पताल के बाहर हंगामा

**जयपुर।** लक्ष्मणगढ़ अलवर निवासी महावीर बुंदेला (60) की मौत पर परिजनों ने प्रतापनगर के सेक्टर-26 स्थित शिवम हॉस्पिटल के बाहर जमकर हंगामा किया।

महावीर बुंदेला के बेटे महेन्द्र सिंह ने अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगाया कि फ्री इलाज के बहाने परिवार की इजाजत के बिना अलवर से लाकर पिता को यहां एडमिट किया। इसके बाद उनकी मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग अंग तस्करी में लिप्त हैं। इसी को लेकर करीब 2 घंटे तक अस्पताल के बाहर हंगामा चलता रहा। पुलिस की समझाइश के बाद परिजन माने और मामला दर्ज किया गया है। मामले को लेकर अस्पताल के सीईओ ने कहा- हमने मरीज की हालत बिगड़ने के बाद परिजनों को उन्हें SMS रेफर करने को कहा था, लेकिन वे नहीं माने।

### ईद मिलादुन्नबी आज, निकला जाएगा जुलूस


# दोपहर बाद परकोटे में संभलकर जाएं, फंस सकते हैं ट्रैफिक में

**जयपुर।** राजधानी में सोमवार को ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) का त्योहार मनाया जाएगा। ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) का जुलूस दोपहर बाद दो बजे से चार दरवाजा मौलाना जियाउद्दीन चौराहा से रवाना होकर सुभाष चौक, जोरावर सिंह गेट, रामगढ़ मोड़ चौराहा होता हुआ कर्बला पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो जाएगा।

यातायात पुलिस के अनुसार जुलूस के रवाना होने से पूर्व सुभाष चौक एवं रामगंज चौपड़ से चार दरवाजा की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार सुभाष चौक एवं रामगंज चौपड़ से डायवर्ट कर समानांतर मार्गों से संचालित किया जाएगा। जुलूस के सुभाष चौक पहुंचने से पूर्व बड़ी चौपड़ से सुभाष की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को बड़ी चौपड़ से डायवर्ट कर समानांतर मार्गों से संचालित किया जाएगा। जुलूस के सुभाष चौक पहुंचने से पूर्व रामगढ़ मोड़ से सुभाष की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को रामगढ़ मोड़ से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों से संचालित किया जायेगा। धोबी घाट से रामगढ़ मोड़ की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को धोबी घाट से डायवर्ट कर दिल्ली रोड पर संचालित किया जायेगा। आमेर से आमेर घाटी होकर जल महल की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार आमेर से आमेर तिराहा दिल्ली रोड की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जाएगा। आमेर तिराहा दिल्ली रोड से आमेर की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार आमेर तिराहा दिल्ली रोड से डायवर्ट कर दिल्ली रोड पर संचालित किया जायेगा। हवामहल बाजार, सुभाष चौक से रामगढ मोड़, माउन्ट रोड, रामगंज बाजार, घाटगेट बाजार, रामगंज चौपड़ से चार दरवाजा, चार दरवाजा से सुभाष चौक तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेध रहेगी। आमेर से सांगानेरी गेट तथा रामगंज चौपड़ से चांदपोल के बीच चलने वाली मिनी बसें,सिटी बसें एम,आई, रोड़,अशोका मार्ग, घाटगेट, ट्रांसपोर्ट नगर, गलता गेट, धोबी घाट से आवागमन रहेगा।








सफल दक्षिण कोरिया व जापान की यात्रा

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी शर्मा का प्रयास

नए निवेश आएंगे
व्यापार रोजगार लाएंगे

माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल जी शर्मा को दक्षिण कोरिया और जापान की सफल अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर हार्दिक बधाई। आपके द्वारा राजस्थान को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना, निवेश आकर्षित करना और विश्व के प्रमुख नेताओं से संबंधों को प्रगाढ़ करना अत्यंत सराहनीय है।
आपके नेतृत्व में अल्प समय में किए गए प्रयासों के फल स्वरूप राजस्थान के औद्योगिक विकास को एक नई दिशा प्राप्त हुई है। **'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024** राज्य की औद्योगिक समृद्धि को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी और राजस्थान को विश्व उद्योग के मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।




RISING RAJASTHAN
9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR



श्री भजनलाल जी शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान

## जरूरी खबर

### होटल में वेटर ने शेफ पर किया चाकू से हमला, मौत




**उदयपुर।** उदयपुर के अंबामाता इलाके के लेकेंड होटल में खाना सर्व करने को लेकर 4 स्टार होटल में शेफ और वेटर के बीच कहासुनी हो गई। गुस्साए वेटर ने काउंटर पर रखे चाकू को शेफ के सीने में घोंप दिया। हॉस्पिटल ले जाने के दौरान शेफ ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी वेटर को हिरासत में लिया है। डीएसपी कैलाश बोरीवाल ने बताया कि 13 सितंबर की आधी रात में वारदात हुई है। घटना की सूचना पर अंबामाता एसएचओ हनुवंत सिंह राजपुरोहित टीम के साथ पहुंचे थे। शेफ नरेंद्र नेगी (36) (लुधियाना) की होटल के वेटर लोकेश (झालावाड़) ने नॉनवेज काटने वाले चाकू (शेफ नाइफ) से हत्या कर दी।

### जिला रोजगार उत्सव का आयोजन कल

**सीकर।** जिला रोजगार उत्सव का आयोजन 17 सितम्बर को सुबह 10 बजे जिला परिषद सभागार में आयोजित किया जायेगा। इस दौरान सरकारी नौकरी में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगें। यह जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सीकर नरेन्द्र सिंह पुरोहित ने दी।

### गणपति स्वागत के स्टेज का विवाद, आधा दर्जन घायल



**कोटाः** शहर में गणपति की प्रतिमाओं के विसर्जन गणेश चतुर्दशी के दिन होता है। इसके पहले जुलूस निकाला जाता है। जगह-जगह पर इसका स्वागत किया जाता है। शहर में स्वागत के स्टेज बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इसमें तीन पुलिसकर्मी सहित आधा दर्जन से ज्यादा लोग चोटिल हो गए। मामले को लेकर तीन मुकदमे दर्ज किए गए हैं। कैथूनीपोल थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर का कहना है कि इस मामले में एएसआई प्रेम सिंह, सियाराम और हैड कांस्टेबल दौलत के चोट लगी है। लोगों ने ईंट और पत्थर फेंके हैं। दोनों पक्षों के दो-दो लोगों को चोटें आईं हैं। जिसमें एक मुकदमा पुलिस की तरफ से दर्ज किया गया है। वहीं, झगड़ा करने वाले दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमे दर्ज हुए हैं। दोनों पक्षों के 8 से 10 लोगों को हिरासत में भी लिया है, जिन्हें शांति भंग में पाबंद किया गया है। मौके पर शांति बनी हुई है।

**लाठी-डंडे लेकर सैंपऊ-बसेड़ी मार्ग पर लगाया जाम,** आरोपी किसानों पर कार्रवाई की मांग

# बारिश के पानी को फसलों में मोड़ने पर किसानों में तकरार

**बेधड़क** | धौलपुर

इन दिनों को रही भारी बारिश ने जिले के किसानों को बर्बादी के मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। चारों तरफ जिले में जलभराव के हालात बन गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अब विरोध के हालात बन गए हैं।

खेतों में भरे पानी की निकासी को लेकर गांवों के किसान आमने-सामने होने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार को सैंपऊ थाना इलाके में देखने को मिला है। फसल की तरफ मोड़े गए पानी को लेकर मांकरा और मुरली बसई गांव के किसानों का गुस्सा फूट गया। लाठियां से लैस होकर



सैकड़ों किसानों ने सैपऊ बसेड़ी मार्ग स्थित मुरली बसई मोड़ पर जाम लगा दिया। जानकारी के मुताबिक घड़ी लज्जा, प्रान सुख का नगला एवं फूटा का नगला के किसानों ने लगातार तीन बार बसई मुरली और मांकरा की तरफ जाने वाले रास्ते को काटकर पानी को खेतों में निकाल दिया। जिसकी शिकायत बसई मुरली और मांकरा के किसानों ने स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन से की। तहसीलदार राहुल कुमार धाकड़ ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से पानी निकासी को भी बंद कर दिया। लेकिन घड़ी लज्जा, प्रान सुख का नगला एवं फूटा का नगला के किसान नहीं माने और फिर से पानी को फसल में काट दिया। जिससे बसई मुरली एवं मांकरा के किसानों का गुस्सा फूट गया।

### किसान और पुलिस प्रशासन हुए आमने-सामने

दोनों गांव के सैकड़ों की तादाद में किसान लाठी-डंडों से लैस होकर बसई मुरली मोड पर पहुंच गए और सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम लगने की खबर सुनकर तहसीलदार राहुल कुमार धाकड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने जाम को खुलवाया, तो किसानों से तकरार हो गई। लाठी-डंडों से लैस होकर किसान पुलिस प्रशासन के सामने खड़े हो गए। किसान और पुलिस प्रशासन में करीब 1 घंटे तक नोंकझोंक देखी गई।

### फसल में पानी मोड़ने वालों की गिरफ्तारी की मांग

तहसीलदार राहुल कुमार धाकड़ ने किसानों से समझाइश कर मामले को शांत करवाया। विरोध कर रहे किसान घड़ी लज्जा, प्रान सुख का नगला एवं फूट का नगला के आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। धाकड़ ने बताया कि थाना प्रभारी गंभीर सिंह को साथ लेकर तीन बार पानी को बंद कर दिया था। लेकिन हर बार किसानों ने पानी को बसई मुरली एवं मांकरा के किसानों की फसल में निकाल दिया। जिस वजह से किसानों में आक्रोश देखा गया है।

### दो युवकों की कर दी धुनाई

घड़ी लज्जा, प्रान सुख का नगला एवं फूटे का नगला के करीब एक दर्जन युवक रविवार को भी फसल में पानी को मोड़ने गए थे। इस दौरान बसई मुरली एवं मांकरा के किसानों को मामले की भनक लग गई और लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने दो युवकों को मौके पर पड़कर धुनाई कर डाली। अन्य लोग मौके से भाग गए। बारिश से सबसे अधिक नुकसान सैपऊ एवं बसेड़ी उपखंड इलाके में हुआ है।

**तीन दिन पहले ही किराए के मकान में शिफ्ट हुआ था परिवार**

# पहले पत्नी का गला घोंटा फिर खुद फंदे पर झूला आर्मी जवान

■ पुलिस गृह क्लेश का मान रही है मामला

**बेधड़क** | झुंझुनूं

जिले के सुलताना गांव में रविवार को आर्मी के जवान ने गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद खुद ने फंदे से लटक कर सुसाइड कर लिया। दोपहर करीब एक बजे किराए के घर में पति-पत्नी के शव मिले। पत्नी का शव किचन में फर्श पर पड़ा था। वहीं आर्मी का जवान फंदे से लटका हुआ था। पुलिस को प्रारंभिक तौर पर मामला गृह क्लेश का लग रहा है। वहीं महिला के परिजन ने सुलताना थाने में ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का मामला दर्ज करवाया है।

बुहाना डिप्टी एसपी नोपाराम ने बताया कि रविवार दोपहर सूचना मिली कि सुलताना में एक मकान में पति-पत्नी की मौत हो गई है। एसएचओ सुलताना भजनाराम और मैं मौके पर पहुंचे। डिप्टी एसपी नोपाराम ने बताया कि झुंझुनूं के चारावास का रहने वाला राजेश कुमार (30) पुत्र रामस्वरूप सुलताना गांव के एक मकान के कमरे में प्लास्टिक की रस्सी के फंदे से लटका मिला। उसकी पत्नी मंजू (28) रसोई में मृत हालत में मिली। दोनों के शव सुलताना हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं।

घटनास्थल की जांच से प्रारंभिक तौर पर ऐसा लगता है कि राजेश ने पहले पत्नी का गला घोंटा, इसके बाद फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार, मंजू का सिर कई बार दीवार पर भिड़ाया गया। इसके बाद गला दबाकर उसका मर्डर कर दिया। उसके नाक, कान और सिर में गहरी चोट हैं। घटनास्थल को सील कर दिया गया है। पुलिस और एफएसएल की टीम सबूत जुटा रही हैं। परिवार के लोगों से बात कर रहे हैं। जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा कि घटना की सही वजह क्या रही।




### भाई देर तक खटखटाता रहा दरवाजा

मंजू के भाई विक्रम कुमार ने बताया कि मैं राजेश और मंजू के घर पर आज सुबह 8 बजे दूध देने के लिए गया था। तब दोनों ठीक थे। इसके बाद मैं सुलताना में जवान जितेंद्र सिंह की अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए चला गया। मेरी मां रोजाना सुबह 10:30-11 बजे के करीब बहन मंजू से मोबाइल फोन पर बात करती हैं। आज सुबह भी मां ने मंजू को कॉल किया, लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। कई कॉल करने के बाद भी मंजू ने फोन नहीं उठाया तो मां ने मुझे कॉल किया। मैं सुबह करीब 11 बजे दोबारा मंजू के घर पर पहुंचा। भाई विक्रम ने बताया- वहां दरवाजे बंद थे। काफी देर खटखटाने के बाद भी कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। इसके बाद मैं मकान मालिक के पास गया। मकान मालिक ने बताया कि अंदर के एक दरवाजे की कुंदी खुल जाएगी। मैंने दरवाजा खोल कर देखा कि जीजा राजेश फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद मैंने सुलताना सरपंच उम्मेद को कॉल किया और बताया कि मेरे जीजा कमरे में फंदे से लटके दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने एसएचओ भजनाराम को सूचना दी। इसके बाद पुलिस पहुंची। दरवाजा खोला तो बहन मंजू भी फर्श पर मृत पड़ी मिली।

### दो साल पहले हुई थी शादी

विक्रम ने बताया कि मंजू की शादी 21 मई 2022 को राजेश के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले मंजू के साथ मारपीट करते थे। कई बार दोनों में समझौता भी करवाया गया था। 2 महीने पहले राजेश कुमार, ससुर रामस्वरूप, ननद संजना और जेठ अजीत ने मिलकर मंजू से मारपीट की थी। मंजू ने घर से भागकर अपनी जान बचाई और 100 नंबर पर कॉल किया, जिससे गुढ़ा थाना पुलिस आई। राजेश को थाने ले गई थी। बाद में थाने में रिश्तेदारों ने दोनो पक्षों का समझौता करवाया और घर लेकर आ गए थे।



राजेश कुमार | मंजू

### 4 महीने से छुट्टी पर था राजेश

मामले में जानकारी में सामने आया कि राजेश फिलहाल जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सिपाही के पद पर तैनात था। वह 4 महीने से छुट्टी पर था। तीन दिन पहले ही दोनों ने किराए पर कमरा लिया था। दोनों के बच्चे नहीं हैं। मंजू के परिजन ने सुलताना थाने में प्रताड़ना का मामला दर्ज करवाया है। मंजू के ससुर, जेठ और ननद के खिलाफ मारपीट कर परेशान करने का आरोप लगाया गया है। वहीं, राजेश के परिजन की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद दोनों शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

### एक महीने पहले भी हुई थी मारपीट

विक्रम ने बताया कि एक महीने पहले भी बहन मंजू को ससुर और ननद ने पीटा था। उसने रात 1 बजे मुझे कॉल किया था। मेरा मोबाइल फोन बंद था। मैंने सुबह जाकर समझौता कराया था। पुलिस के समझाने पर राजेश मंजू के साथ अलग किराए के मकान में रहने को तैयार हुआ था। आज सुबह मुझे ऐसा कुछ नहीं लगा कि इतनी बड़ी घटना हो सकती है। दोनों ठीक थे। राजेश ने मेरी बहन को मारा और फिर खुद फंदे से लटक गया।

## महिला को जान से मारने के लिए देते थे स्लो पॉइजन

**कुचामनसिटी।** प्रॉपर्टी हड़पने के लिए एक विधवा महिला को स्लो पॉयजन देकर जान से मारने की कोशिश के मामले में डीडवाना पुलिस ने नगर परिषद के उप सभापति के बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उप सभापति के बेटे ने घर की नौकरानी को विधवा महिला की हत्या के लिए स्लो पॉइजन देने के लिए मजबूर किया था। थानाधिकारी डीडवाना नंदलाल रिणवा ने बताया कि मामला 17 व 18 जुलाई के बीच का है। इस मामले में पीड़िता रुखसाना ने डीडवाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें उसने बताया था कि गत 18 जुलाई को अचानक उसे उल्टियां होने लगी और उसकी तबीयत लगातार बिगड़ने लगी। इस दौरान उसने रसोई में रखे पानी के बर्तन को देखा, तो उसमे सफेद पदार्थ तैरता हुआ मिला। इस पर जब उसने घर की नौकरानी यासमीन से पूछताछ की, तो उसने रुखसाना के खाने में स्लो पॉयजन मिलाने की बात बताई। रुखसाना ने जब यासमीन से सख्ती से पूछताछ की, तो उसने आसिफ नवाज बेगाना के बारे में सारी बात सामने रख दी।

**मजदूरी करने श्रीडूंगरगढ़ आ रहे थे**

# बाइक को कार ने मारी टक्कर, 2 की मौत... दो घायल



**बेधड़क** | बीकानेर

श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन सड़क हादसा हुआ है। एक दिन पहले नौरंगदेसर गांव के पास हादसे में तीन जनों ने जान गंवाई, वहीं रविवार सुबह सरदारशहर स्टेट हाईवे पर कार-बाइक के आमने सामने टक्कर में दो की मौत हो गई। ये दोनों युवक मित्र थे और मजदूरी के लिए श्रीडूंगरगढ़ की तरफ आ रहे थे। थानाधिकारी इंद्रकुमार ने बताया कि सरदारशहर स्टेट हाईवे पर रविवार सुबह एक बाइक पर सवार चार लोगों में से दो की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई।

यह सड़क हादसा सरदारशहर रोड पर स्थित पेट्रोल पम्प के पास हुआ है। हादसे में घायल दो युवकों को बीकानेर पीबीएम रेफर किया गया है। दुर्घटना में जैतासर निवासी खींयाराम मेघवाल के दो पुत्र सहीराम व रामप्रताप मेघवाल मोटरसाइकिल से श्रीडूंगरगढ़ आ रहे थे। दोनों युवक पेशे से ड्राइवर है। जब ये लोग श्रीडूंगरगढ़ से थोड़ी दूरी पर स्थित पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे तो सामने से एक हरियाणा नंबर की कार आई। इस गाड़ी से आमने सामने हुई भिड़ंत में मोटरसाइकिल पर सवार सहीराम की मौत हो गई।

रामप्रताप को गंभीर घायलवस्था में बीकानेर रेफर कर दिया गया है। इस बाइक पर दो युवक सीताराम पुत्र जगदीश मेघवाल व गोमदराम पुत्र बुधाराम नायक भी सवार थे। दोनों मजदूर है और मजदूरी के लिए श्रीडूंगरगढ़ आ रहे थे। जिसमें से गोमदराम ने यहां उपजिला अस्पताल के दम तोड़ दिया। दूसरे मजदूर सीताराम को गंभीर अवस्था में बीकानेर रेफर किया गया है। जैतासर सरपंच प्रतिनिधि सहीराम ने शोक व्यक्त किया है।

## बच्चे को निर्वस्त्र कर डांस करवाने वालों की कराई परेड

**कोटा।** शहर के जीएडी सर्किल पर गणेशोत्सव में एक आठ साल के बच्चे को निर्वस्त्र कर डांस करवाने, मारपीट करने और वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार 6 आरोपियों की परेड़ करवा दी। रविवार दोपहर बाद बदमाशों को घटनास्थल की तस्दीक के लिए लेकर जाया गया। जहां बदमाशों को जीएडी सर्किल से कुछ दूरी पर पुलिस जीप से उतारा और उसके बाद पैदल पैदल जीएडी सर्किल पर लाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग यह देख चौंक गए। घटनास्थल तस्दीक करवाते हुए पुलिस ने सभी आरोपियों की अर्धनग्न करके परेड निकाली। सभी गिरफ्तार 6 आरोपी क्षितीज उर्फ बिटटू गुर्जर, ययाती उपाध्याय उर्फ गुनगुन, आशिष उपाध्याय उर्फ मिक्की, गोरव सेनी, संदीप सिंह उर्फ राहुल बन्ना, अमर सिंह को पुलिस रविवार शाम को करीब चार बजे जीएडी सर्किल पर लेकर पहुंची। जीएडी सर्किल से करीब तीन सौ मीटर दूरी पर पुलिस जीप को रोक दिया गया। सभी बदमाशों को नीचे उतारकर पैदल पैदल जीएडी सर्किल पर घुमाया गया।

**शीतला माता की द्वितीय पदयात्रा पर विधायक की घोषणा**

# शीतला माता मंदिर पर्यटन स्थल होगा घोषित, 30 करोड़ की डीपीआर तैयार

**बेधड़क** | चाकसू

चाकसू विधायक रामावतार बैरवा अपनी पत्नी संग रविवार को चाकसू पंचायत समिति कार्यालय के पास स्थित प्रसिद्ध बड़े बालाजी हेरंभ गणपति भगवान की पूजा-अर्चना के साथ शीतला माता मंदिर के लिए द्वितीय पदयात्रा निकाली। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यक्रम में 101 ध्वज पताकाओं के साथ हजारों महिलाओं-पुरुषों एवं युवाओं ने भागीदारी निभाई।

भव्य शौभायात्रा एवं पदयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करते हुए लोगों ने स्वागत किया। पदयात्रा का शुभारंभ गणेश पूजन से हुआ। स्वयं विधायक रामावतार बैरवा एवं धर्मपत्नी पार्षद सुनीता बैरवा, पंचायत समिति चाकसू प्रधान उगंता देवी एवं प्रधान प्रतिनिधि बद्री नारायण चौधरी के साथ, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कृषि मंडी पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीणा, भाजपा नेता हरफुल गुर्जर, पूर्व नगर अध्यक्ष अमित बाहेती, पार्षद दिनेश शर्मा, मांगीलाल बैरवा, युवा नेता योगेश कुमावत सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।






### पदयात्रा में डीजे पर जमकर झूमे श्रद्धालु

एक दिवसीय पदयात्रा के शीतला माता मंदिर पहुंचकर मातेश्वरी के दरबार में धोक लगाई एवं प्रसादी भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान शीतला माता की आकर्षक झांकी सजाई गई। पदयात्रा में डीजे के मधुर भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य करते हुए माताजी के जयकारे लगाते लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विधायक रामावतार बैरवा ने ध्वज हाथों में लिए माताजी के जयकारों के साथ पदयात्रा में 101 ध्वजों के जुलूस मुख्य मार्ग से होते हुए चाकसू शीतला माता पहुंचकर मातेश्वरी से क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं समुचित विकास के लिए प्रेरणा देते रहने के लिए मंगल कामना की।

### पदयात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

पदयात्रा का जगह-जगह भव्य रूप से स्वागत के साथ कार्यकर्ता द्वारा आतिशबाजी भी आकर्षण का केंद्र रही। हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। बता दें वही दूसरे स्थानों से दर्जनों पदयात्राएं मंदिर पहुंच रही है। रविवार को करीब 10 हजार श्रद्धालुओं ने शीतला माता मंदिर पहुंचकर सुख समृद्धि की कामना आशीर्वाद पाया है। गौरतलब है कि गत वर्ष गौवंश में फैले लम्पी रोग के बाद से हीं मातेश्वरी के दरबार में पदयात्राओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है।

### विधानसभा के चहुंमुखी विकास के लिए प्रयासरत रहूंगा

इस दौरान साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए विधायक बैरवा ने कहा कि जल्द ही मातेश्वरी शीतला मैया का स्थान पर्यटन स्थल घोषित होने जा रहा है। मंदिर के भावी निर्माण के लिए 30 करोड रुपए की डीपीआर भी स्वीकृत करवा दी है। मुझ पर मातेश्वरी के साथ मेरी प्रिय जनता का आशीर्वाद है। इसका मैं सदैव ऋणी रहूंगा। विधानसभा क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए हर संभव प्रयासरत हूं। मातेश्वरी की कृपा और सर्वजन के आशीर्वाद से क्षेत्र में सतत विकास होगा।

प्रदेश के 100 युवा एवं प्रगतिशील किसानों को मिलेगा मौका, 25 सितंबर तक कर सकेंगें ऑनलाइन आवेदन

# सरकार युवा किसानों को दिलाएगी विदेश में प्रशिक्षण

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के 100 युवा एवं प्रगतिशील किसान प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों के हितो में निरंतर फैसले ले रही राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहले चरण में इन प्रगतिशील युवा किसानों को उन देशों में भेजा जाएगा। जहां कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार किए जा रहे हैं एवं उच्च तकनीक के प्रयोग से कम जगह और काम लागत में अधिक फसल उत्पादित की जा रही है।

### कृषि क्षेत्र में चयन के मापदंड

नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम के तहत चयन के लिए जो मापदंड तय किए गए हैं उनमें सामान्य कृषक के पास कम से कम एक हेक्टेयर और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व महिला कृषकों के पास 0.5 हेक्टर कृषि भूमि का भूस्वामित्व हो, पिछले 10 वर्षों से लगातार खेती कर रहा हो, कृषक द्वारा उच्च कृषि तकनीक जैसे संरक्षित खेती, सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग, सौर ऊर्जा पंप, ड्रोन, फर्टिगेशन, ऑटोमेशन, फार्म पोंड, डिग्गी अपनाई जा रही हो आदि शामिल है।

### डेयरी-पशुपालन क्षेत्र में चयन के मापदंड

इसी प्रकार डेयरी क्षेत्र चयनित होने वाले युवा दुग्ध उत्पादक या पशुपालक के लिए जो मापदंड तय किए गए हैं उनमें वास्तविक रूप से कम से कम 20 गाय-भैंस की डेयरी या 10 ऊँट या 50 भेड़-बकरी का स्वामित्व रखता हो, पिछले 10 वर्षों से डेयरी या पशुपालन पेशे से जुड़ा हो, उच्च पशुपालन या डेयरी तकनीक उपयोग करता हो, डेयरी क्षेत्र में जिला या राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयन किया गया हो तथा जिसकी अपने क्षेत्र में प्रगतिशील पशुपालक के रूप में पहचान हो।



### ऐसे करना होगा आवेदन

इन मापदंडों को पूरा करने वाले युवा प्रगतिशील कृषक अपने नजदीकी ई-मित्र केन्द्र के माध्यम से राजकिसान साथी पोर्टल पर 25 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए युवा कृषक कृषि, उद्यान अथवा पशुपालन विभाग में संपर्क कर सकते हैं। नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम के तहत पहले चरण में चयनित 100 युवा किसानों में से 80 कृषि क्षेत्र तथा 20 डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र से होंगे। कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने वाले कृषकों की उम्र 55 वर्ष से कम हो साथ ही, वैध पासपोर्ट होना भी आवश्यक है।

## Yuva स्टोरीज

### कांस्टेबल दक्षता परीक्षा 23 से 25 सितंबर तक



बेधड़क | जयपुर

कांस्टेबल भर्ती 2023 के अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा 23 से 25 सितंबर तक होगी। अभ्यर्थी सोमवार से प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। गौरतलब है कि 13 और 14 जून को 3578 पदों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की गई थी। ऐसे में उसमें सफल हुए अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा 23 से 25 सितंबर तक रेंज मुख्यालय स्तर पर होगी।

एडीजी भर्ती व पदोन्नति बोर्ड सचिन मित्तल के मुताबिक पुलिस मुख्यालय की ओर से कांस्टेबल भर्ती-2023 के तहत विज्ञापित 3578 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में सफल रहे कांस्टेबल सामान्य के अतिरिक्त अन्य आवेदकों की दक्षता परीक्षा 23 से 25 सितंबर तक रेंज मुख्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन प्रवेश पत्र सोमवार से डाउनलोड किये जा सकते हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती व पदोन्नति बोर्ड राजस्थान सचिन मित्तल ने बताया कि परीक्षा में सफल रहे कांस्टेबल चालक, घुड़सवार, श्वानदल पद के अभ्यर्थियों और कांस्टेबल बैंड पद के आवेदकों की दक्षता परीक्षा 23-25 सितंबर तक तीन दिन रेंज मुख्यालय स्तर पर आयोजित होगी। एडीजी सचिन मित्तल ने बताया कि दक्षता परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के ऑनलाइन प्रवेश पत्र सोमवार यानी 16 सितंबर से विभाग की वेबसाइट व अपनी एसएसओ आईडी से लॉगिन कर डाउनलोड कर सकते हैं।

### रिसर्च प्लान के लिए डॉ. गोठवाल जाएंगे विदेश

बेधड़क | जयपुर



एसएमएस मेडिकल कॉलेज के पीडियाट्रिक्स डिपार्टमेंट के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनिल गोठवाल को थॉमस जेफर्सन यूनिवर्सिटी, फिलाडेल्फिया यूएसए की ओर से 'कोर्ड स्टडी एंड रिसर्च' विषय पर रिसर्च प्लान के लिए आमंत्रित किया गया है।

डॉ. गोठवाल 17 से 18 सितंबर को वहां इस अंतरराष्ट्रीय रिसर्च प्लान में शामिल होने के लिए जाएंगे। यह रिसर्च प्लान यूएसए तथा निम्न मध्यम आय वाले देशों (लिम्कीज) के हितों के लिए आयोजित होता है। ऐसे में डॉ. गोठवाल का अंतरराष्ट्रीय रिसर्च के लिए प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। बता दें कि स्टडी ट्यूर में एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर के अलावा देश के अन्य मेडिकल कॉलेजों के संभागी भाग लेंगे।

### रेल कर्मियों के बच्चों की हुई निबंध प्रतियोगिता



**अजमेर।** उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन अजमेर के तत्वावधान में रविवार को रेल कर्मचारियों-अधिकारियों के बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता अजमेर मंडल के अजमेर, उदयपुर ,भीलवाड़ा, आबू रोड, मारवाड़ जं, स्टेशनों पर किया गया। इसमें मंडल में कार्यरत कर्मचारियों के 6 वर्ष से 15 वर्ष तक के लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों की आयु वर्ग के अनुसार तीन ग्रुप बनाए गए थे। ग्रुप-1 (6-9 वर्ष) के लिए "दोस्त की जन्मदिन पार्टी" अथवा "स्कूल में पसंदीदा समय" ग्रुप-II (10-12 वर्ष) के लिए "स्वच्छता का महत्व" अथवा "आपके द्वारा खेला गया गेम" इसी प्रकार ग्रुप-III (13-15 वर्ष) के लिए "प्रदूषण का प्रभाव और हम इसे कैसे नियंत्रित कर सकते हैं" अथवा "विश्व बंधुत्व" जैसे शीर्षक शामिल थे।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने ई-लाइब्रेरी के लोकार्पण पर कहा...

# कड़ी मेहनत से किया जा सकता है मुकाम हासिल

**सहगल फाउंडेशन द्वारा 55 लाख रुपए की लागत से कराए विकास कार्य**

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को अलवर जिले के ग्राम अहीरबास भडकोल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सहगल फाउंडेशन द्वारा 55 लाख रूपये की लागत राशि से कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण किया। केंद्रीय वन मंत्री यादव सहगल फाउंडेशन द्वारा ई-लाइब्रेरी, सुलभ शौचालय एवं विद्यालय भवन के जीर्णोद्धार के कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण कर आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सहगल फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा कि राजकीय विद्यालय के उन्नयन एवं विकास में कराए गए कार्य सराहनीय है। जिससे विद्यालय की सुविधाओं में बढ़ोतरी होने के साथ ही बच्चों को अध्ययन करने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ स्किल डवलपमेंट की कक्षाएं भी चलाई जाए। जिससे तकनीकी शिक्षा के प्रति बच्चों में रूचि जाग्रत हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है तथा कड़ी मेहनत व दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इसलिए मन लगाकर अध्ययन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें तथा अपने माता-पिता के सपनों को साकार कर देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाए। उन्होंने विद्यालय में निर्मित ई-लाइब्रेरी में 50 हजार पुस्तकें उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के विकास में सहयोग करने पर सहगल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।



### प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का किया सम्मान

केंद्रीय मंत्री यादव ने अहीरबास भडकोल में श्री कृष्ण यादव सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यादव समाज की राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित बालिका का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर व शॉल ओढाकर सम्मान किया तथा कक्षा 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, पुरस्कार राशि व बैग प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि समाज के बच्चों के भविष्य को सिक्योर करने के लिए प्रशिक्षकों के माध्यम से कॅरियर सेमिनार आयोजित करावे। जिससे बच्चों को जिस क्षेत्र में जाना है, उसके लिए मार्ग प्रशस्त हो सके। उन्होंने कहा कि यादव समाज शिक्षित व मेहनतकश समाज है जो शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने में अग्रणी रहता है।

### शोभायात्रा को ध्वज लहराकर किया रवाना

केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने जगन्नाथ मंदिर से संत श्री दुर्लबनाथ जी महाराज की जयन्ती पर निकाली गई शोभायात्रा को केसरिया ध्वज लहराकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि संत श्री दुर्लबनाथ जी महाराज ने शांति, सद्भाव व भाईचारे का संदेश दिया है जिसका अनुसरण कर सामाजिक एकता को बढ़ाया जा सकता है।

### उन्नति व विकास की कुंजी है शिक्षा

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अलवर रिसोर्ट में अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति जयपुर (शाखा अलवर) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कार्मिकों एवं प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा उन्नति व विकास की कुंजी है, जिस समाज ने इसे अपनाया है वह निश्चित रूप से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा को बढ़ावा देने में सार्थक भूमिका निभाई है तथा वंचित व जरूरतमद लोगों को उनके अधिकार दिलाने में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने सभी समाजों से आह्वान किया कि बालिका शिक्षा को अधिक से अधिक बढ़ावा देकर बेटी को अपने सपने साकार करने में सहयोग करें। उन्होंने युवाओं से कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा स्किल डवलेपमेंट के लिए संचालित योजनाओं का लाभ उठावे।

68वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

## खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कटिबद्ध: खराड़ी



बेधड़क | जयपुर

जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सरकार इन प्रतिभाओं को तलाश कर तराशने के लिए हर संभव प्रयासरत है।

खराड़ी रविवार को उदयपुर जिले की पंचायत समिति बड़गांव अंतर्गत ग्राम पंचायत लखावली के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी प्रतिभा खोज स्टेडियम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय डांगियों का गुड़ा की मेजबानी में आयोजित 68वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग (14 वर्षीय) कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले।

जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी खेल स्टेडियम के विकास के लिए चारदीवारी तथा दर्शक दीर्घा निर्माण की घोषणा की। साथ ही 68वीं जिला स्तरीय छात्र (14 वर्षीय) कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाई। प्रतियोगिता में जिले की 64 टीमों के 750 खिलाडियों ने भाग लिया।

### नवोदय एंट्रेंस टेस्ट आवेदन की आज लास्ट डेट

**नई दिल्ली।** नवोदय क्लास 6 में दाखिला लेने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए जरूरी खबर है। नवोदय विद्यालय समिति (NVS) जल्द ही नवोदय विद्यालय में क्लास 6 में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन बंद करने वाला है। देश भर में स्थित 650 से अधिक जेएनवी में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जेएनवीएसटी 2024) के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया सोमवार को समाप्त हो जाएगी। अभिभावक नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) की आधिकारिक वेबसाइट navodaya.gov .in पर प्रवेश परीक्षा के लिए फॉर्म जमा कर सकते हैं।

फॉर्म के लिए आधार विवरण/निवास प्रमाण पत्र और निर्धारित प्रारूप में उम्मीदवार के विवरण का उल्लेख करते हुए प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र चाहिए।

फॉर्म में माता-पिता द्वारा प्रदान की गई उम्मीदवारों की जानकारी उन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों द्वारा सत्यापित की जाएगी, जहां उन्होंने कक्षा 5 तक पढ़ाई की है। उम्मीदवारों को उसी जिले में जेएनवी के लिए आवेदन करने की अनुमति है, जहां उन्होंने कक्षा 5 तक पढ़ाई की है। वहीं वे उम्मीदवार ही आवेदन करने के पात्र हैं, जिनका जन्म 1 मई, 2013 से पहले और 31 जुलाई, 2015 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित हैं) के बाद नहीं हुआ है। जानकारी दे दें कि चयन परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण की परीक्षा 18 जनवरी को होगी और दूसरा चरण 12 अप्रैल, 2025 को आयोजित किया जाएगा।

**वैकेंसी** | 4 अक्टूबर तक बैंक की वेबसाईट पर कर सकेंगे आवेदन

# SBI में स्पेशलिस्ट कैडर के 1511 पदों पर निकली भर्ती

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओं में स्पेशलिस्ट कैडर ऑफिसर के पद पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, एसबीआई में स्पेशलिस्ट ऑफिसर की भर्ती डिप्टी मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर पदों पर की जाएगी। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गई है और 4 अक्टूबर तक sbi.co.in तक आवेदन कर सकते हैं। बता दें, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने स्पेशलिस्ट कैडर के लिए 1511 खाली पदों पर भर्ती निकाली हैं, जिनमें से 1497 नियमित रिक्तियां हैं और 14 बैकलॉग रिक्तियां हैं।




### ये हैं शैक्षणिक योग्यता

एसबीआई बैंक में निकली भर्तियों में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग/सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग में न्यूनतम 50% में साथ बीटेक अथवा बीई की डिग्री होनी चाहिए।

### यह रहेगी आयु सीमा

एसबीआई में डिप्टी मैनेजर पोस्ट के लिए आयु सीमा 25 से 35 वर्ष तय की गई है जबकि असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए 21 से 37 है, इस भर्ती में आयु की गणना 30 जून 2024 के आधार पर की जाएगी। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों सरकारी नियमानुसार अधिकतम आयु में विशेष छूट रहेगी।

### ऐसे बढ़ेगी चयन प्रक्रिया

अंतिम चयन शॉर्टलिस्टिंग और इंटरव्यू के आधार पर होगा। इंटरव्यू परीक्षा 100 अंकों की होगी। चयन के लिए अंतिम मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त उम्मीदवारों के अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

### आवेदन शुल्क

सामान्य, EWS, OBC श्रेणी के उम्मीदवारों को 750 रुपए शुल्क जमा करना होगा और SC/ST/PWD के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट दी गई है। आवेदन शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है।

# श्रीहरि विष्णु की अनंत कृपा का दिवस



सुरेश सिंह बैस शाश्वत
स्वतंत्र लेखक

अनंत चतुर्दशी पर विशेष

> एक बार महाराज युधिष्ठिर ने राजसूय यज्ञ किया। उस समय यज्ञ मंडप का निर्माण सुंदर तो था ही, अद्भुत भी था वह यज्ञ मंडप इतना मनोरम था कि जल व थल की भिन्नता प्रतीत ही नहीं होती थी। जल में स्थल तथा स्थल में जल की भांति प्रतीत होती थी। बहुत सावधानी करने पर भी बहुत से व्यक्ति उस दलअद्भुत मंडप में धोखा खा चुके थे।



भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी अनंत चतुर्दशी और अनंत चौदस के नाम से जानी जाती है। अनंत चतुर्दशी भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा के लिए सबसे महत्वपूर्ण तिथि है। इस दिन भगवानविष्णु के भक्त पूरे दिन उपवास रखते हैं। अनंत चतुर्दशी मनाने के लिए समय व मुहूर्त इस प्रकार है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि प्रारंभः सोमवार 16 सितंबर 2024 को दोपहर 03:10 बजे से भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि समापनः मंगलवार 17 सितंबर 2024 को सुबह 11:44 बजे तक अनंत चतुर्दशी (उदयातिथि):मंगलवार 17 सितंबर 2024 को अनंत चतुर्दशी पूजा मुहूर्तः मंगलवार 17 सितंबर सुबह 06:07 बजे से सुबह 11:44 बजे तक अवधिः 05 घंटे 37 मिनट्स तक रहेगी। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु, माता यमुना और शेषनाग की पूजा करनी चाहिए। मान्यता है कि यह व्रत रखने से गुरु ग्रह के अशुभ प्रभाव से राहत मिलती है और अविवाहित लोगों के विवाह की बाधा दूर होती है।

अनंत पूजा के दिन बांह में भगवान विष्णु की पूजा के फलस्वरूप बांह में अनंत सूत्र बांधना चाहिए। मान्यता है कि इस सूत्र में भगवान विष्णु का वास होता है। अनंत चतुर्दशी पर अनंत सूत्र को भगवान विष्णु की पूजा करने के बाद बांह में बांधने से भक्तों का हर दुख भगवान दूर कर देते हैं, उनकी रक्षा करते हैं, सुख समृद्धि देते हैं। इस अनंत सूत्र में 14 गांठें होनी चाहिए, ये 14 गांठ सृष्टि के 14 लोकों के प्रतीक हैं। भाद्र शुक्ल चतुर्दशी में अत्युत्तम अनन्त व्रत किया जाता है। उस दिन एक भुक्त करते हुए एक सेर गेहूं के आटे को घी एवं शक्कर में पकाकर अनन्त भगवान को समर्पित करें। पहले गंध आदि से अनन्त की पूजा कर कपास या रेशम का सुन्दर डोरा-जिसमें चौदह गाँठें हों- बाँह पर बाँध ले और पुराने डोरे को उतारकर जलाशय में फेंक दें। नारी नवीन डोरे को बाई भुजा में और पुरुष दाहिनी भुजा में बांधे। दक्षिणा सहित पकवान विप्र को देकर स्वयं भी उसी परिमाण में भोजन करें। सुधी व्यक्ति चौदह वर्षों तक इस उत्तम व्रत को करके उद्यापन करे। मुने! धूम्रवर्णों से मनोहर सर्वतोभद्रमण्डल बनाकर उसके ऊपर ताँबे का कलश रखें। उसके ऊपर सुवर्ण की पवित्र अनन्तप्रतिमा रखकर उसे पीले रेशमी वस्त्र से आच्छादित कर विधिपूर्वक अर्चना करे। यजमान गणेश, सूर्यादि पंचदेवता तथा लोकपालों का पृथक-पृथक पूजन करें। एक बार महाराज युधिष्ठिर ने राजसूय यज्ञ किया। उस समय यज्ञ मंडप का निर्माण सुंदर तो था ही, अद्भुत भी था वह यज्ञ मंडप इतना मनोरम था कि जल व थल की भिन्नता प्रतीत ही नहीं होती थी। जल में स्थल तथा स्थल में जल की भांति प्रतीत होती थी। बहुत सावधानी करने पर भी बहुत से व्यक्ति उस दलअद्भुत मंडप में धोखा खा चुके थे।

पांडवों के महल की ख्याति सुनकर टहलते-टहलते दुर्योधन भी उस यज्ञ- मंडप में आ गया और एक तालाब को स्थल समझ उसमें गिर गया। द्रौपदी ने यह देखकर 'अंधों की संतान अंधी' कह कर उनका उपहास किया। इससे दुर्योधन चिढ़ गया।यह बात उसके हृदय में बाण समान लगी। उसके मन में द्वेष उत्पन्न हो गया और उसने पांडवों से बदला लेने की ठान ली। उसके मस्तिष्क में उस अपमान का बदला लेने के लिए विचार उपजने लगे। उसने बदला लेने के लिए पांडवों को द्यूत-क्रीड़ा में हरा कर उस अपमान का बदला लेने की सोची। उसने पांडवों को जुए में पराजित कर दिया। पराजित होने पर प्रतिज्ञानुसार पांडवों को बारह वर्ष के लिए वनवास भोगना पड़ा। वन में रहते हुए पांडव अनेक कष्ट सहते रहे। एक दिन भगवान कृष्ण जब मिलने आए, तब युधिष्ठिर ने उनसे अपना दुख कहा और दुख दूर करने का उपाय पूछा। तब श्रीकृष्ण ने कहा- 'हे युधिष्ठिर! तुम विधिपूर्वक अनंत भगवान का व्रत करो, इससे तुम्हारा सारा संकट दूर हो जाएगा और श्रीकृष्ण की आज्ञा से युधिष्ठिर ने भी अनंत भगवान का व्रत किया। जिसके प्रभाव से पांडव महाभारत के युद्ध में विजयी हुए तथा चिरकाल तक राज्य करते रहे फिर उन्हें खोया राज्य पुनः प्राप्त हो गया।'

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात

# रूस-यूक्रेन में मुस्कुराएंगे बुद्ध!



गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

> संभव है इस सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति पुतिन के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक हो। वहीं, पीएम मोदी का अमेरिका में क्वाड देशों की प्रस्तावित बैठक में भाग लेने का कार्यक्रम भी है। वहां अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी मौजूद होंगे। ऐसे में यूक्रेन-रूस संघर्ष को रोकने के लिए संभावित कदमों पर उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन से बातचीत होने की संभावना है, इसलिए यह उम्मीद बढ़ती है कि बातचीत का सिलसिला जारी रहता है तो युद्ध रोकने का रास्ता भी खुल सकता है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की रूस यात्रा के बाद भारत और रूसी नेताओं व अधिकारियों के बीच बातचीत का सिलसिला तेज हो गया है। वार्ता के केंद्र में है रूस व यूक्रेन के बीच शांति की स्थापना। पीएम मोदी जब जुलाई के शुरू में रूस की यात्रा पर गए और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की तो सबसे तीखी प्रतिक्रिया यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की हुई थी। मोदी के दौरे की आलोचना करने वालों और सवाल उठाने वालों में अमेरिका के अलावा अन्य कई पश्चिमी देश भी शामिल थे। भारत ने पश्चिमी देशों की प्रतिक्रिया का यथासंभव जवाब दे दिया था, लेकिन राष्ट्रपति जेलेंस्की के तीखे शब्दों का भारत ने शब्दों के माध्यम से कोई जवाब नहीं दिया। जेलेंस्की की नाराजगी स्वाभाविक थी और उनकी तीखी प्रतिक्रिया भी। जेलेंस्की की प्रतिक्रिया का भारत ने कूटनीतिक उलटबांसी से जवाब दिया। पीएम मोदी खुद यूक्रेन की यात्रा पर गए। जेलेंस्की खुद उस नेता से गले मिले, जिसकी उन्होंने महीने भर पहले कटु आलोचना की थी। पीएम मोदी की इस साहसिक कूटनीतिक पहल से इस चर्चा को बल मिला कि यूक्रेन-रूस के बीच जारी युद्ध का हल युद्ध के मैदान में नहीं, बातचीत की टेबल पर ही निकल सकता है।

हालांकि, अभी तक दोनों देशों के बीच संघर्ष की गति में कोई कमी नहीं आई है। फिलहाल हालत यह है कि किसी दिन कोई एक देश पांच रॉकेट या मिसाइलों से हमला करता है तो दूसरे दिन दूसरा देश दोगुनी ताकत से जवाब देता है। यानी स्थिति उन दो झगड़ालू पड़ोसियों जैसी हो गई है कि किसी ने एक कोई कटु बात कह दी तो दूसरे ने एक की जगह दो बातें सुना दीं, लेकिन पीएम मोदी की यात्रा के बाद भारत ने रूस-यूक्रेन के बीच संवाद के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं। पीएम मोदी के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल रूस की यात्रा पर पहुंचे। डोभाल की यह यात्रा ब्रिक्स और ब्रिक्स प्लस देशों की उच्च स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए थी, लेकिन भारत ने इस मौके का उपयोग डोभाल की राष्ट्रपति पुतिन से भी मुलाकात के रूप में किया। संभव है डोभाल ने इस दौरान पुतिन को पीएम मोदी की यूक्रेनी नेता से हुई बातचीत से अवगत कराया हो। हालांकि कीव यात्रा के बाद खुद पीएम मोदी ने पुतिन को फोन कर राष्ट्रपति जेलेंस्की से हुई बातचीत से उन्हें अवगत कराया। पुतिन से डोभाल की मुलाकात के पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सऊदी अरब की राजधानी जेद्दा में भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इसके तत्काल बाद जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर ने जर्मन विदेश मंत्रालय के वार्षिक राजदूत सम्मेलन में सवालों का जवाब देते हुए बहुत ही अहम बात कही। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन को बातचीत करनी ही होगी एवं यदि वे सलाह चाहते हैं तो भारत सलाह देने का सदैव इच्छुक है। भारत का संदेश साफ है कि रूस व यूक्रेन के बीच मसले का हल युद्ध के मैदान में नहीं बल्कि बातचीत की टेबल पर ही हो सकता है। अब सवाल उठता है कि क्या भारत की पहल से रूस व यूक्रेन संघर्ष को छोड़कर बातचीत की टेबल पर आ सकते हैं? यह मसला इतना पेचीदा और उलझा हुआ है कि दोनों देशों का एकदम से बातचीत की टेबल पर आना आसान नहीं है। इसके लिए सार्थक वातावरण तैयार करना और बातचीत के अनुकूल माहौल बनाना जरूरी है और इस प्रक्रिया में समय लगता है। संवाद के सूत्र जोड़ने पड़ते हैं। अब इसकी उम्मीद जगाती हैं इस साल के आखिर में होने वाली कई वैश्विक बैठकें और मुलाकातें। राष्ट्रपति पुतिन ने भारतीय एनएसए डोभाल से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी से फिर मुलाकात की इच्छा जताई और उन्हें कजान (रूस) में इस साल होने वाले ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित भी किया।

संभव है इस सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति पुतिन के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक हो। वहीं, पीएम मोदी का अमेरिका में क्वाड देशों की प्रस्तावित बैठक में भाग लेने का कार्यक्रम भी है। वहां अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी मौजूद होंगे। ऐसे में यूक्रेन-रूस संघर्ष को रोकने के लिए संभावित कदमों पर उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन से बातचीत होने की संभावना है, इसलिए यह उम्मीद बढ़ती है कि बातचीत का सिलसिला जारी रहता है तो युद्ध रोकने का रास्ता भी खुल सकता है। इसलिए जरूरी है कि पहले दोनों देशों में एक दूसरे पर हमले का मौजूदा सिलसिला थमे ताकि पुतिन और जेलेंस्की की शिखर बैठक के लिए माहौल तैयार हो सके और दोनों देशों के अधिकारी इसके लिए बुनियाद तैयारी कर सकें। इस युद्ध के दौरान यूक्रेन का बड़ा इलाका रूस के नियंत्रण में आ गया है, लेकिन रूस को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। दोनों ही देशों को सैन्य एवं असैन्य दोनों ही स्तर पर बड़ी जनहानि हो रही है, इसलिए पश्चिमी देशों को भी वार्ता के सूत्र तलाशने में सहयोग के लिए आगे आना होगा। कूटनीतिक प्रयासों के बिना युद्ध के आगे चलकर और भयावह रूप ले सकता है। हालांकि, रूसी राष्ट्रपति पुतिन की यह टिप्पणी उम्मीद जगाती है कि चीन, भारत और ब्राजील यूक्रेन पर संभावित शांति वार्ता में मध्यस्त के तौर पर काम कर सकते हैं। वहीं, खबर यह भी है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भी इस साल के अंत तक भारत की यात्रा कर सकते हैं। यानी संवाद के सूत्र जुड़ सकते हैं। जरूरत सिर्फ प्रयासों की है। दुनिया में कुछ संघर्षों की जड़ें इतिहास में छिपी होती हैं, इसलिए उनसे बाहर निकलने के लिए प्रयास भी बड़े ही करने पड़ते हैं।

यूक्रेन, एक स्वतंत्र देश बनने से पहले तत्कालीन सोवियत संघ का हिस्सा था। सोवियत संघ का विघटन हुआ तो कई तत्कालीन सोवियत गणराज्य अलग होकर देश बन गए। सोवियत काल में रूसी मूल के लोग यूक्रेन में आकर बस गए थे। कुछ इलाकों में उनकी आबादी भी अच्छी-खासी हो गई। यूक्रेन के अलग होने के बाद इन इलाकों और आबादी को लेकर विवाद शुरू हो गया। इसके साथ ही यूक्रेन के रूस की छाया से निकलकर नाटो की छतरी के नीचे जाने की इच्छा से भी दोनों देशों के बीच दूरी बढ़ी और इस विवाद ने आखिर में युद्ध का रूप ले लिया। रूस अपने सुरक्षा हितों को लेकर चिंतित है तो यूक्रेन की अपनी क्षेत्रीय एकता व अखंडता को लेकर चिंता है। इसलिए जरूरत दोनों की आशंकाओं को दूर करने की है ताकि दुनिया युद्ध की इस विभीषिका से उबर सके। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया में खाद्य सुरक्षा समेत अनेक चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं। रूस पर पश्चिमी देशों के कड़े प्रतिबंध हैं, लेकिन वह अपनी तेल आधारित अर्थव्यवस्था के बूते अभी लड़खड़ाने से बचा हुआ है। वहीं, यूक्रेन को पश्चिमी देशों ने थाम रखा है। यूक्रेन को यह देखना होगा कि वह पश्चिम के सहारे कितने समय तक और टिका रह सकता है। किसी भी युद्ध को अनंतकाल तक जारी रहने नहीं दिया जा सकता, इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि पीएम मोदी की दोनों देशों के बीच शांति स्थापना की यह पहल और प्रयास आगे बढ़ेंगे और उसके सार्थक नतीजे निकलेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत के प्रयासों से यूक्रेन-रूस में बुद्ध मुस्कुराएंगे। संघर्ष को विराम लगेगा।

***(ये लेखक के निजी विचार हैं)***

व्यंग्य

## बस प्रथम मनाइए गणराज को



मुकेश राठौड़
व्यंग्यकार

यह देश देवों का है। कहते हैं,शेषनाग के फन पर धरती और शेष देवताओं के मन पर देश टिका हुआ है। घड़ी भर को वे फन हिला दें या मन डुला दें तो ये धरती,ये देश थर्रा उठें। शास्त्रों में तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का उल्लेख मिलता है। लोक मान्यताओं से बने भांति-भांति के लोकदेवी-देवता अलग। तिस पर बाबा जो ऊपर वाले से डायरेक्ट कनेक्शन का दावा करते हैं,बावजूद इस गणराज्य में गणराज प्रथम स्थान पर थे,हैं और रहेंगे। होना भी चाहिए क्योंकि गणराज है तो तीनों लोकों में लोकपतियों का अपना-अपना राज है। उनकी कृपा न हों तो कैसे देव,कैसी देवी और कैसे बाबा?

गणराज विघ्नहर्ता है,उन्हें प्रथम पूजने का अर्थ है काम के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना। हर काम ना करने वाला और काम करने वाला चाहता है कि उसका काम निर्विघ्न संपन्न हों,काम चाहे कोई सा भी हो,काम तो आखिर काम होता है। चाहे आप गांव में कवि सम्मेलन करने जाएं या गम्मत(हालांकि दोनों में अब ज्यादा अंतर नहीं रह गया बल्कि गम्मत को हाशिए पर धकेलने में बहुत हद तक ऐसे कवि सम्मेलनों का ही हाथ है) प्रथम गणराज को मनाना जरूरी होता है। वे तो ऐसे देव है जो गुड़ के मोदक पर मान जाते हैं,फिर आप गुलाब जामुन खाते रहिए। एक गणराज के मनाने से सारे देव,मनुज और राक्षस गण स्वतः मन जाते हैं। यगण,तगण,लगण...तक। इसलिए क्या सुर और क्या असुर सभी गणराज का सुमिरन कर काम शुरू करते हैं। 'वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।'

किसी कस्बे में एक बड़े सेठ थे। सेठ कैसे बने होंगे,पूछने कि जरूरत नहीं! सेठ (जो शुरू में महज सामान्य दुकानदार थे) ने एक कमरे की दुकान खोली। दुकानदारी की शुरुवात ऐसे ही होती है। देश-विदेश के बड़े-बड़े दुकानदारों की संघर्षगाथा पढ़ने पर हम पाते हैं कि सभी ने छोटे स्तर से ही दुकानदारी शुरू की और फिर कहां से कहां पहुंच गए। कोई नहीं जानता कि किसकी दुकानदारी बैठ जाएगी और किसकी चल निकलेगी। शर्त बस इतनी की कुछ न कुछ बेचते रहिए। बहरहाल,एक कमरे की दुकान के एक कोने में खुद दूसरे कोने में गणराज बैठाए। दुकानदारी चल पड़ी तो आगे एक कमरा और निकाल दिया,धंधे-पानी बढ़े,फिर आगे बढ़ गए। देखते ही देखते दुकान कॉम्लेक्स में तब्दील हो गई और दुकानदार सेठ में...इस तरह दुकानदारी आगे बढ़ती रही, गणराज पीछे छूटते चले गए। आगे दुकान, पीछे भगवान। यही होता है राज हाथ लगते ही गण पीछे छूट जाते हैं। हालांकि गणराज अब भी बैठे हैं। उन्हें बैठना ही हैं। कहां जायेंगे। तुम्हीं स्थापक विसर्जक तुम्हीं।

सेठ की बढ़ती पर एक चोर की नजर थी। होनी ही थी क्योंकि जहां गुड़ होगा,वहां मक्खियों की नजर होगी ही। क्यों न हों?राब के गुड़ बनने की प्रक्रिया में कई मक्खियां सपंख बलिदान करती रही है। इस नाते वे गुड़ पर अपना स्वाभाविक अधिकार समझती है। इस उदाहरण को आप सेठ और चोरों से भी जोड़कर देख सकते है। चोरी करते-करते कई लोग सेठ बन जाते हैं,मगर सेठ बनने के बाद चोरी करना बिल्कुल बंद कर देते हैं इसके पुख्ता प्रमाण नहीं मिलते। खैर... वो दिन अब न रहे जब चोर दाढ़ी मूंछ बढ़ाकर काले कपड़े पहन खुद को चोर कहलवाया करते थे,अब वे भी सफेद कपड़े मय जैकेट पहनने लगे हैं। और हां,चोर तो उन्हें गलती से भी नहीं कह सकते। सबको मनपसंद भाषा और वेशभूषा का अधिकार मिला हुआ है। चोर ने नौकरी के इरादे से सेठ की दुकान में एंट्री ली। विश्वास जमा तो दुकान की चाबी भी हाथ लग गई। गल्ले की बाकी रही। हालांकि गल्ला भी दुकान में ही हुआ करता है। एक रात एक सीधे-सादे मनुज गण को लेकर दुकान पहुंचा,बोला बस एक बार मुझे दुकान में पहुंचा दो, तुम्हारी सारी व्यवस्थाएं सुधार दूंगा। उसे पहरेदारी हेतु दरवाजे पर बैठा दिया। सुरक्षा तो चोरों को भी चाहिए। मन भरकर चोरी की। चोरी का माल मोरी से लेकर चुपचाप निकल गया। बेचारा गण दुकान बाहर बैठा है,जैसे दुकान भीतर गणराज।

## नॉलेज कॉर्नर: भगवान कृष्ण ने बर्बरीक से दान में मांग लिया था शीश

# इसलिए कलियुग में पूजे जाते हैं खाटूश्याम

राजस्थान के सीकर में खाटू श्याम का मंदिर, भारत में कृष्ण भगवान के मंदिरों में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है। खाटू श्याम जी को कलियुग का सबसे अधिक पूजनीय माना जाता है। सीकर जिले में स्थित खाटू गांव में बने खाटू श्यान के मंदिर की काफी मान्यता है। ऐसा कहा जाता है कि श्याम बाबा से भक्त जो भी मांगता है, वो उन्हें लाखों-करोड़ों बार देते हैं, यही वजह है कि खाटू श्याम को लखदातार के नाम से जाना जाता है। हिन्दू धर्म के अनुसार खाटू श्याम को कलियुग में कृष्ण का अवतार माना जाता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं खाटू श्याम मंदिर के बारे में कुछ दिलचस्प बातें...

### श्रीकृष्ण ने दिया था वरदान

भीम और हिडिम्बा के पुत्र घटोत्कच का पुत्र बर्बरीक था। ये अपनी वीरता और शक्तियों के लिए जाना जाता था। जब कौरव और पांडवों के बीच युद्ध होना था, तब बर्बरीक ने युद्ध देखने का निर्णय लिया था। श्रीकृष्ण ने जब उनसे पूछा कि वो युद्ध में किसकी तरफ हैं, तब उन्होंने कहा था कि जो पक्ष हारेगा वो उसकी तरफ से लड़ेंगे। ऐसे में श्रीकृष्ण युद्ध का परिणाम जानते थे और उन्हें डर था कि ये कहीं पांडवों के लिए उल्टा न पड़ जाए। ऐसे में कृष्ण ने बर्बरीक को रोकने के लिए दान में उसका शीश मांग लिया था। लेकिन इसके साथ ही बर्बरीक ने एक शर्त भी रखी थी कि वह अपनी आंखों से युद्ध देखना चाहता है।



श्रीकृष्ण ने इच्छा स्वीकार करते हुए उनका सिर युद्ध वाली जगह पर एक पहाड़ी पर रख दिया। युद्ध के बाद जब पांडव आपस में ही लड़ने लगे कि जीत का श्रेय किसको जाता है, तब बर्बरीक कहते हैं कि श्रीकृष्ण की वजह से उन्हें जीत हासिल हुई है। बर्बरीक के इस बलिदान से श्रीकृष्ण काफी खुश हुए और उन्हें कलियुग में श्याम के नाम से पूजे जाने का वरदान दे दिया।

### ऐसे हुआ मंदिर का निर्माण

ऐसा कहा जाता है कि कलयुग की शुरुआत में राजस्थान के खाटू गांव में उनका सिर मिला था। कहते हैं ये अद्भुत घटना तब घटी जब वहां खड़ी गाय के थन से अपने आप दूध बहने लगा था। इस चमत्कारिक घटना को जब खोदा गया तो यहां खाटूश्याम जी का सिर मिला। अब लोगों के बीच में ये दुविधा शुरू हो गई कि इस सिर का किया जाए। बाद में उन्होंने सर्वसम्मति से एक पुजारी को सिर सौंपने का फैसला किया। इसी बीच क्षेत्र के तत्कालीन शासक रूप सिंह को मंदिर बनवाने का सपना आया। इस प्रकार रूप सिंह चौहान के कहने पर इस जगह पर मंदिर निर्माण शुरू किया गया और खाटूश्याम की मूर्ति स्थापित की गई।

**सोने की पत्ती से सुशोभित मुख्य द्वार**

*रूप सिंह द्वारा 1027 ई. में इस मंदिर का निर्माण किया गया। बाद में दीवान अभय सिंह ने 1720 ई. में इसका पुनिर्माण करवाया। मंदिर का निर्माण पत्थरों और संगमरमर का उपयोग करके किया गया है। द्वार सोने की पत्ती से सुशोभित है। मंदिर के बाहर अलग से प्रार्थना कक्ष भी है।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
वैश्विक निवेश को सुचारु और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक और कदम। प्रत्येक प्रमुख देश के निवेश पर सतत मॉनिटरिंग के लिए एक आईएएस अधिकारी को बनाएंगे प्रभारी।

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने नेता प्रतिपक्ष की ओर से अमेरिका में दिए बयान पर किया पलटवार

# देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं राहुल, सिखों को बांटने की कोशिश की

एजेंसी | नई दिल्ली

बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को देश के नंबर 1 आतंकी बताया है।

बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस नेता ने सिखों को बांटने की कोशिश की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिख किसी दल से जुड़े नहीं हैं। यह चिंगारी लगाने की कोशिश है और राहुल गांधी नंबर एक टेररिस्ट हैं,उन पर तो ईनाम होना चाहिए। बिट्टू राहुल गांधी के अमेरिका में सिखों को लेकर दिए गए बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे



थे। केंद्रीय मंत्री यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हिंदुस्तानी नहीं हैं। उन्होंने अपना अधिक समय देश के बाहर बिताया है। उनके दोस्त और परिवार वहां हैं। इसलिए उन्हें अपने देश से अधिक प्यार नहीं हैं।

रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि उन्होंने सिखों को बांटने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि सिख किसी पार्टी से नहीं जुड़े हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि किस सिख ने कहा है कि वह कड़ा नहीं पहन सकते? किस सिख ने कहा कि वह पगड़ी नहीं पहन सकते, वह गुरुद्वारे नहीं जा सकते? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी चिंगारी लगाने का काम करते हैं।

### मंत्री बोले- राहुल पर होना चाहिए ईनाम

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जो देश के दुश्मन हैं, हर समय गोली बंदूक की बात करते हैं, जहाजों, ट्रेनों और रोड को उड़ाने की बात करते हैं, जब वो लोग राहुल के समर्थन में आ गए हैं। ऐसे में आप अंदाजा लगा सकते हैं राहुल गांधी खुद देश के नंबर 1 टेररिस्ट हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी पर ईनाम होना चाहिए पकड़ने के लिए या देश का सबसे बड़ा जो दुश्मन है, वो आज राहुल गांधी है।



### मजदूर का दर्द क्या, उनको नहीं पता?

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल मजदूरों, मेकेनिक, कारपेंटर के पास जाकर फोटो खिंचाते हैं। इससे मजाक बनता है। उन्होंने कहा कि देश की आम जनता का दर्द ही राहुल गांधी को नहीं पता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इतने समय से सांसद हैं फिर भी लोगों की समस्या ही समझने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग एक साथ संसद सदस्य बनें लेकिन उन्हें आज तक रिक्शेवाले के पास जाकर सीखना पड़ रहा है। क्या उनको अब तक यह नहीं पता चला कि मजदूर का दर्द क्या है, मोची का दर्द क्या है?

### मांझी ने भी साधा निशाना

इस मसले पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू से पहले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि कोई भी देशभक्त विदेशी धरती पर जाकर जनता की चुनी गई सरकार पर अभद्र टिप्पणी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बयान एक देशद्रोही बयान है। इसलिए उनके ऊपर मुकदमा दर्ज होना चाहिए। फिर उन्होंने राहुल गाँधी को ललकारते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के रहते किसी राहुल गांधी की हैसियत नहीं कि देश से आरक्षण खत्म कर दें।

## मैं मुख्यमंत्री पद का दावा करूंगा: अनिल विज



**नई दिल्ली।** हरियाणा में बीजेपी नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है लेकिन राज्य में बीजेपी के सीनियर नेता अनिल विज ने मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोक दिया है। उन्होंने कहा, मैं हरियाणा में बीजेपी का सबसे वरिष्ठ विधायक हूं। मैं छह बार चुनाव लड़ चुका हूं और जीत चुका हूं। मैं सातवीं बार चुनाव लड़ रहा हूं। उन्होंने कहा, मैंने आज तक अपनी पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगा है परंतु इस बार सारे हरियाणा प्रदेश की जनता के कहने पर मुझे बहुत लोग आकर मिल रहे हैं और अंबाला कैंट की जनता के कहने पर मैं इस बार अपनी वरिष्ठता के दम पर मैं मुख्यमंत्री पद का दावा करूंगा। बनाना या न बनाना ये हाई कमान का काम है लेकिन अगर मुझे बनाते हैं तो मैं हरियाणा की तकदीर बदल दूंगा।

## जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ेगी सपा 20 प्रत्याशी घोषित

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर सपा ने 20 प्रत्याशियों का ऐलान किया है। पार्टी ने दूसरे और तीसरे चरण के के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की है। सपा ने हजरतबल से शाहिद हसन, बड़गाम से मकबूल शाह, बीडवाह से निसार अहमद डार, हब्बाकदल से मोहम्मद फारुक खान, ईदगाह मेहराजुद्दीन अहमद को मैदान में उतारा है। दूसरे फेज में कश्मीर डिवीजन के कुल 5 प्रत्याशी है। तीसरे फेज के लिए बारामूला से मंजूर अहमद, बांदीपोरा गुलाम मुस्तफा, वगूरा क्रीरी से अब्दुल गनी डार, करनाह से सजवाल शाह, पट्टन से वसीम गुलजार, कुपवाड़ा से सबीहा बेग़म, गुलमर्ग से हिलाल अहमद मल्ला, रफीबाद से ताहिर सलमानी, त्रेहगाम से साजाद खान, लोलाब से शादाब साहीन को टिकट दिया है।

जमशेदपुर में प्रधानमंत्री मोदी ने जेजेएम पर साधा निशाना

# झामुमो के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ: PM

- झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस झारखंड के सबसे बड़े दुश्मन
- आदिवासियों के जंगल, जमीन पर कब्जा करने वालों का साथ दे रहा गठबंधन

एजेंसी | रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के जमशेदपुर में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा को संबोधित किया। खराब मौसम और भारी बारिश की वजह से पीएम मोदी सड़क मार्ग से यहां पहुंचे। उन्होंने झारखंड की मौजूदा गठबंधन की सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं- झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस। झारखंड के निर्माण का बदला आज भी राजद झारखंड से उतारती है और कांग्रेस को तो झारखंड से नफरत है ही।

ये झामुमो वाले, जिन्होंने आदिवासियों के वोट से अपनी राजनीति चमकाई, आज वो किसके साथ खड़े हैं? ये लोग आदिवासियों के जंगल जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी झामुमो को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। इनके लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर भी घुस गए हैं। जानते हैं ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि झामुमो में कांग्रेस का भूत घुस गया है। जब किसी पार्टी में कांग्रेस का भूत घुस जाता है, तो तुष्टिकरण ही उस दल का इकलौता एजेंडा बन जाता है। इसके लिए सबसे पहले ये लोग दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज के हितों की बलि चढ़ाते हैं। यही हाल झामुमो का भी हो रहा है। इससे पहले प्रधानमंत्री रविवार को पीएम ने छह वंदे भारत ट्रेनों को रांची से हरी झंडी दिखाई।

### 50 स्टेशनों का होगा कायाकल्प

प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। झारखंड के 50 स्टेशनों के कायाकल्प की योजना पर काम चल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के झारखंड के हजारों लाभुकों को बधाई और शुभकामनाएं दी।



### आदिवासियों को सशक्त बनाने के लिए बन रही हैं योजनाएं

पीएम मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद देश की प्राथमिकताओं में बदलाव आया है। आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित, पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए हमारी सरकार ने योजनाएं बनाई। आदिवासियों को सशक्त बनाने के लिए योजनाएं बनने लगीं।



### प्रधानमंत्री ने 6 नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से 6 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। सरकारी योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। पीएम पहले जमशेदपुर से इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने वाले थे, लेकिन बारिश के चलते रांची से ही ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए रेल कनेक्टिविटी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम झारखंड के सपनों को साकार करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए टाटानगर समेत अन्य स्टेशनों पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दिनों उन्होंने उत्तर और



दक्षिण भारत को 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दी। आज 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। ये ट्रेन सेट दैनिक आधार पर 120 ट्रिप्स करते हुए 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 280 से अधिक जिलों को कवर करेंगी। इन नई वंदे भारत ट्रेनों के जरिए देवघर में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, कोलकाता में कालीघाट और बेलूर मठ जैसे धार्मिक स्थलों तक तीर्थयात्रियों को जल्दी पहुंचने में मदद मिलेगी।

### प्रधानमंत्री ने जनता का जताया आभार

- प्रधानमंत्री ने खराब मौसम के बीच टाटानगर का दौरा किया। पीएम मोदी ने कहा कि बारिश कितनी ही तेज क्यों न हो, रुकावटें कितनी ही ज्यादा क्यों न हो, लेकिन कोई भी रुकावट मुझे आपसे अलग नहीं कर सकती है।
- मैं आपके दर्शन किए बिना वापस नहीं जा सकता हूं, इसलिए सड़क मार्ग से ही आप सबके दर्शन करने पहुंच गया। क्रांति और बलिदानों की ये धरती, भगवान बिरसा मुंडा के तप, त्याग और आशीर्वाद की ये धरती।
- मैं झारखंड की इस महान धरती को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि आज करमा पूजा के उमंग के बीच यहां आने से पहले मुझे झारखंड को विकास की कई बड़ी सौगात देने का सौभाग्य भी मिला।
- मैं आप सबको करमा पर्व की बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री बारिश के चलते रांची से जमशेदपुर सड़क मार्ग से पहुंचे। इस दौरान भारी बारिश के बीच लोग सड़कों पर डटे रहे।

एकनाथ शिंदे पर साधा निशाना

# मुख्यमंत्री बनना मेरी ख्वाहिश नहीं: उद्धव

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में विपक्षी दलों का गठबंधन- महाविकास अघाड़ी भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का दावा कर रहा है। हाल ही में एमवीए सहयोगियों ने मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी को लेकर बयान दिए हैं। कई नेताओं का मानना है कि बिना चेहरे के चुनाव लड़ना चाहिए।

ताजा घटनाक्रम में महाविकास अघाड़ी की सरकार में सीएम रहे उद्धव ठाकरे ने कहा, उन्हें मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा नहीं है। उनके इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। इससे पहले अहमदाबाद में ठाकरे ने कहा था कि 2019 में भी मुख्यमंत्री बनने की इच्छा नहीं थी। उन्होंने पिता बालासाहेब ठाकरे के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उनके पिता ने कभी सत्ता की बागडोर नहीं सभाली, लेकिन उन्हें लोगों का समर्थन हासिल था। उद्धव ने कहा कि अपार जनसमर्थन के कारण उनसे शक्तियां छीन ली गईं। पूर्व सहयोगी और वर्तमान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए उद्धव ने कहा कि जिन लोगों ने अपनी मूल पार्टी और जनता को धोखा दिया, उनका



### महाराष्ट्र की जनता उनकी ताकत

अहमदनगर में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग कर रहे राज्य सरकार के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उद्धव ने कहा महाराष्ट्र की जनता उनकी ताकत है। उन्होंने कहा, 'जब तक आप मेरा समर्थन नहीं करेंगे, तब तक कोई मुझे रिटायर नहीं कर सकता।

भरोसा नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि वे महायुति (भाजपा+शिवसेना+एनसीपी) की सरकार को उखाड़ फेंकना चाहते हैं। 2019 में पहली बार सीएम बनने की घटना याद कर उद्धव ने कहा, उस समय भी वे मुख्यमंत्री बनना नहीं चाहते थे। जून, 2022 में एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद उद्धव को इस्तीफा देना पड़ा था।

सीएम शिंदे का अनुमान

# नवंबर के दूसरे सप्ताह में होंगे विधानसभा चुनाव!

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव की तारीखों को लेकर अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नवंबर के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है। वहीं, सीएम शिंदे ने सत्तारूढ़ सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को अगले 8 से 10 दिन में अंतिम रूप देने की भी बात कही है। मुख्यमंत्री शिंदे ने मुंबई में अपने आधिकारिक आवास वर्षा में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में चुनाव को लेकर ये बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कुल 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए दो चरणों में चुनाव कराना बेहतर रहेगा। महायुति सरकार



विकास और कल्याणकारी उपायों पर ध्यान केंद्रित कर रही है और लोगों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। महायुति सरकार में शिंदे नीत शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'नवंबर के दूसरे सप्ताह में चुनाव होने की संभावना है। दो चरणों में चुनाव कराना बेहतर रहेगा। महायुति सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे के लिए जीत की अधिक प्रत्याशी ही मानदंड होगा।

जेल से बाहर आने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान, गरमाई सियासत

# मुख्यमंत्री पद छोड़ेंगे अरविन्द केजरीवाल, दो दिन बाद सौपेंगे इस्तीफा

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति में कथित रूप से घोटाले के आरोप में तिहाड़ जेल में सजा काट रहे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दे दी है। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आते ही केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर राजनीति में हलचल मचा दी है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वो अगले 2 दिनों में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली में सभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं अब आपकी अदालत में आया हूं। जनता तय करेगी कि मैं बेइमान



हूं या ईमानदार। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देते वक्त ऐसी शर्तें लगाई हैं कि उनका सीएम के तौर पर काम करना मुश्किल है। ऐसे में केजरीवाल ने सीएम की कुर्सी पर चिपके रहने के बजाय इस्तीफा देना ही बेहतर समझा है।

### नवंबर में कराए जाएं दिल्ली के चुनाव

केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी ने मेरे ऊपर बेईमानी के आरोप लगाए हैं, अब जनता की अदालत में मेरी ईमानदारी का फैसला होगा। दो-तीन दिन में विधायकों की बैठक में नया सीएम चुना जाएग। उन्होंने ये भी कहा कि मनीष सिसोदिया भी सीएम नहीं बनेंगे। सीएम ने मांग की है कि महाराष्ट्र के साथ ही दिल्ली में भी नवंबर में चुनाव कराए जाएं।

### अब कौन होगा दिल्ली का अगला सीएम?

केजरीवाल के बाद अब सीएम पद के लिए तीन नामों की चर्चा है। पहला सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल। अगर सुनीता केजरीवाल सीएम बनती हैं तो सीएम हाउस भी खाली नहीं करना पड़ेगा। लेकिन उनके सीएम बनने का नुकसान ये है कि बीजेपी को अरविंद केजरीवाल पर हमला करने का मौका मिल जाएगा। आम आदमी पार्टी के पास दूसरा ऑप्शन हैं आतिशी, जो इस वक़्त दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री हैं। दिल्ली सरकार में सारी बड़ी ज़िम्मेदारी इस वक़्त आतिशी के पास ही है। वहीं पार्टी के पास तीसरा विकल्प हैं दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज।

### अन्ना हजारे ने दी प्रतिक्रिया

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सीएम पद से इस्तीफे ऐलान के बाद दिल्ली में सियासी भूचाल आ गया है। केजरीवाल के इस फैसले को लेकर समाज सेवक अन्ना हजारे की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। अन्ना हजारे ने कहा, "मैं केजरीवाल से पहले ही कह रहा था की राजनीति में मत जाओ। समाज की सेवा करो बहुत बड़े आदमी बनोगे। कई साल तक हम लोग साथ में थे। उस समय मैंने बार-बार कहा की राजनीति में नहीं जाना। समाज सेवा आनंद देती है। आनंद बढ़ाओ, लेकिन उसके दिल मे बात नहीं रही और आज जो होना था वह हो गया। उनके दिल में क्या है मैं क्या जानूं।



### भाजपा बोली- तुरंत देना चाहिए था इस्तीफा

आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने दो दिन बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। केजरीवाल के ऐलान पर भारतीय जनता पार्टी ने सवाल उठाए हैं। बीजेपी का कहना है कि केजरीवाल का इस्तीफे के लिए 48 घंटे का समय मांगना रहस्यमय है। बीजेपी से राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए था। बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जेल में रहकर केजरीवाल ने इस्तीफे की बात नहीं की। बाहर आकर इस्तीफा देने की बात क्यों हो रही?

## जरूरी खबर

### डीएमयू पैसेंजर में आग लगने से मची अफरा-तफरी



**किशनगंज।** बिहार के किशनगंज रेलवे स्टेशन से तकरीबन 200 से 250 मीटर की दूरी पर फरिंगोरा के पास डीएमयू पैसेंजर ट्रेन में आग लग गई। किशनगंज से सिलीगुड़ी जा रही डीएमयू ट्रेन के इंजन में आग लगने के बाद गाड़ी को सिटी तेघरिया रेल गेट के समीप फरिंगोरा के पास रोक दिया गया। इसके बाद सारे पैसेंजर ट्रेन से उतर गए और अपनी जान बचाई। आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना रेलवे पुलिस, स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसबी के अधिकारी और जवान भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए।

### मुंबई-दोहा फ्लाइट लेट होने पर यात्रियों ने किया हंगामा



**मुंबई।** मुंबई से दोहा जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट के लेट होने पर आज एयरपोर्ट पर खूब हंगामा हुआ। फ्लाइट के कई घंटे लेट होने के बाद लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोहा जाने वाली उड़ान 6E 1303 को 3 बजकर 55 मिनट पर टेक ऑफ करना था और यात्री बैठ भी गए थे, लेकिन कई घंटों तक लेट होने के बाद इसे रद्द कर दिया गया। इंडिगो एयरलाइंस ने फ्लाइट रद्द होने के बाद माफी मांगी है और कहा कि ग्राहकों को होटल मुहैया कराए जा रहे हैं। फ्लाइट लेट होने पर लोगों ने काफी नाराजगी जताई थी। यहां तक की ये भी आरोप लगाए गए कि उन्हें ना पानी मिला न ही कुछ खाना। इससे पहले तकनीकी कारणों से उड़ान में देरी हुई थी।

### सुकमा में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कोंटा थाना क्षेत्र के इतकल गांव में जादू-टोना के शक में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि गांव के लोगों ने ही पीट-पीटकर पांचों को पीट-पीटकर मार डाला। मरने वालों में तीन महिला और दो पुरुष हैं। हत्या के आरोपियों को कोंटा पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसपी किरण चव्हाण, एसपी आकाश राव और एसडीओपी सुमित गुप्ता घटनास्थल पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। मृतकों में कन्ना, वीरी, करका लच्छी, अरजो और बुच्चा शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे अहमदाबाद मेट्रो के दूसरे चरण का उद्घाटन



*अहमदाबाद। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड में सौगातें देने के बाद शाम को अहमदाबाद पहुंचे। प्रधानमंत्री सोमवार को अहमदाबाद कई परियोजनाओं और विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान पीएम अहमदाबाद मेट्रो के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। जो नरेंद्र मोदी स्टेडियम को गांधीनगर के सेक्टर-1 और गिफ्ट सिटी से जोड़ेगा।*

### लेखिका अर्चना त्यागी को मिला पुरस्कार



एजेंसी | वडोदरा

गुजरात के वडोदरा में नारी अस्मिता पत्रिका की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पत्रिका द्वारा आयोजित कहानी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित करने के साथ हुआ। दूसरे सत्र में "परिवारों का विघटन कारण और निवारण" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। तीसरे सत्र में वर्ष 2024 में विभिन्न विधाओं की पुस्तकों के लेखकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान लेखिका अर्चना त्यागी के प्रथम कहानी संग्रह "सपने में आना मां" को पुरस्कृत किया गया। चौथे और अंतिम सत्र में राष्ट्रीय काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अर्चना त्यागी ने भी अपनी एक काव्य रचना प्रस्तुत की।

**कोलकाता रेप-मर्डर केस:** आरोपियों से आमने-सामने होगी बात

# तीन दिन तक CBI हिरासत में रहेंगे संदीप घोष और SHO

■ जांच एजेंसी ने कोर्ट के सामने जताई बड़ी साजिश की संभावना

एजेंसी | कोलकाता

आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अभिजीत मंडल (मंडल) को एक जूनियर डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के केस में सीबीआई शनिवार को गिरफ्तार किया था और कोर्ट ने उन दोनों को ही 17 सितंबर तक सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई ने अदालत में दावा किया कि इसमें एक बड़ी साजिश हो सकती है और घोष और मंडल दोनों ने इस अपराध में कुछ महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। संदीप घोष की मांग करते हुए सीबीआई ने कहा कि उनसे 'आमने-सामने' पूछताछ की जरूरत है और दोनों ने 'घटना को कमतर आंकने' के साथ-साथ जघन्य अपराध को 'छिपाने' की कोशिश की है। घोष को 2 सितंबर को सीबीआई ने संस्थान में उनके कार्यकाल के दौरान कथित वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।





### डॉक्टरों के साथ नर्सें भी उतरीं सड़क पर

आरजी कर कांड को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ शनिवार को दूसरी बार भी बैठक नहीं हो पाने के बाद जूनियर डॉक्टरों ने अपना आंदोलन तेज कर दिया है। उन्होंने अब 'अनुरोध नहीं, मांग करेंगे' का नया नारा देते हुए रविवार को महानगर में महारैली निकाली। जूनियर डॉक्टरों की महारैली शाम चार बजे साल्टलेक स्थित सेंट्रल पार्क के पास से शुरू हुई और स्वास्थ्य भवन की ओर बढ़ी। रविवार को भी बारिश हो रही थी, हालांकि इसकी परवाह किए बिना सैकड़ों जूनियर डॉक्टर महारैली में शामिल हुए। सीनियर डॉक्टरों ने भी इसमें भाग लिया। पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भी जादवपुर से गरियाहाट तक जुलूस निकाला। इनमें सेवानिवृत्त मेजर, ब्रिगेडियर व कर्नल शामिल हुए।

**बीमार बच्चे की मां को बनाया शिकार**

### कोलकाता के हॉस्पिटल में फिर महिला से हैवानियत

कोलकाता में महिलाओं के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में लेडी डॉक्टर की रेप और मर्डर को लेकर बवाल अभी थमा भी नहीं है। कोलकाता के एक दूसरे अस्पताल में महिला के साथ छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं। छेड़छाड़ के आरोप में कोलकाता पुलिस ने एक युवक को अरेस्ट किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला के बच्चे का इलाज कोलकाता के एक अस्पताल में चल रहा था। रात को मां बच्चे के पास ही सो रही थी। अस्पताल के वार्ड बॉय पर सोते समय उस महिला का यौन शोषण करने का आरोप लगा है। आरोप है कि आरोपी ने अपने मोबाइल फोन से युवती का वीडियो भी बना लिया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर कड़या थाने की पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। कोलकाता के इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ में यौन शोषण के आरोप लगे हैं। महिला ने शिकायत की कि उस वक्त वार्डबॉय ने उसे बुरी तरह छुआ। यह भी आरोप है कि आरोपी अपने मोबाइल फोन पर उसका वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था। महिला ने रविवार को कड़या थाने में शिकायत की।

**हिमंत सरमा ने ULFA-I से की अपील**

## मातृभूमि में आतंक पैदा करके हल नहीं होंगे मुद्दे



एजेंसी | गुवाहटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रतिबंधित उल्फा (आई) के प्रमुख परेश बरुआ से शांति की अपील की। सीएम ने कह कि राज्य आने वाले 10 सालों में शक्तिशाली राज्य बनने की ओर अग्रसर है।

पहले आंदोलन, बाढ़ और उग्रवाद की खातिर असम जाना जाता था। मगर अब देश के सबसे तेजी से बढ़ते और निवेश के अनुकूल राज्यों में इसकी गिनती होती है।सीएम सरमा ने कहा कि 15 अगस्त को पूरे राज्य में बम लगाना गहरी चिंता का विषय है। ये प्रदेश में चल रहे विकास और प्रगति को प्रभावित कर सकतें हैं। मगर हमें यकीन है अगर राज्य में शांति बनी रही और युवाओं में सहयोग और उत्साह रहा तो अगले 10 वर्षों में असम एक शक्तिशाली राज्य बन जाएगा।

उन्होंने उल्फा (आई) प्रमुख से अपील की है कि वह ऐसी किसी गतिविधि में शामिल न हों जिससे युवाओं का भविष्य खतरे में पड़े।प्रतिबंधित उल्फा (आई) ने दावा किया था कि उसने स्वतंत्रता दिवस पर असम में सिलसिलेवार विस्फोट करने की खातिर 24 जगहों पर बम लगाए थे।

हालांकि पुलिस को आठ स्थानों से बम मिले थे। सीएम सरमा ने कहा कि लोकतंत्र में विचारों का टकराव होता है लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि असम सुरक्षित और शांतिपूर्ण बना रहे।

**टीएमसी समर्थकों पर हत्या का आरोप**

## मालदा में धमाका, कांग्रेस नेता की मौत

**मालदा।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में शनिवार को धमाके के बाद अब मालदा में देसी बम के हमले में एक स्थानीय कांग्रेस नेता की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में रविवार सुबह गोलियां चलने और देशी बम फेंके जाने से एक स्थानीय कांग्रेस नेता की जान चली गई। रिपोर्ट के मुताबिक मृतक की पहचान कांग्रेस नेता शेख सैफुद्दीन के रूप में हुई थी। वो मानिकचक के गोपालपुर इलाके के प्रभावशाली नेता माने जाते थे। उनके परिवार ने आरोप लगाया कि टीएमसी समर्थित गुंडों ने उनकी हत्या कर दी।

हालांकि राज्य की सत्ताधआरी पार्टी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। घटना सुबह करीब 9 बजे धर्मपुर स्टैंड बाजार में हुई। सैफुद्दीन के परिवार ने दावा किया कि चेहरे ढके हुए चार-पांच लोगों ने गोलियां चलाईं और उन्हें निशाना बनाकर दो देसी बम फेंके। उन्होंने बताया कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।रिपोर्ट के मुताबिक हत्या की इस वारदात के बाद इलाके में तनाव फैल गया। वहीं पुलिस ने कहा है कि उन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हत्या में शामिल लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

**केरल की स्वास्थ्य मंत्री ने की पुष्टि**

## निपाह वायरस से मलप्पुरम में एक शख्स की मौत

**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले के एक निजी अस्पताल में 24 वर्षीय व्यक्ति की निपाह वायरस संक्रमण से मौत हो गई है। इसके साथ ही यहां निपाह वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या दो हो गई है। इस व्यक्ति के संपर्क में आए 5 लोगों में भी संक्रमण के लक्षण पाए गए हैं, जिन्हें क्वारंटिन में रखा गया है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने रविवार को इस बारे में जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा मौत के कारणों की जांच करने पर निपाह वायरस के संक्रमण का संदेह हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''उपलब्ध नमूनों को तुरंत परीक्षण के लिए भेजा गया और परिणाम में संक्रमण की पुष्टि हुई।'' मृतक व्यक्ति कुछ दिन पहले बेंगलुरु से केरल आया था। वह केरल राज्य के मलप्पुरम का निवासी था। नौ सितंबर को उसकी मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद उसके उपलब्ध नमूनों को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा गया था।

### संपर्क में आए 151 लोग आइसोलेटेड

स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि शनिवार रात को ही 16 समितियां बनाई गईं और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए 151 लोगों की सूची भी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि उक्त संक्रमित व्यक्ति अपने दोस्तों के साथ विभिन्न स्थानों की यात्रा कर चुका था। अब उसके करीबी संपर्क में आए लोगों को क्वारंटिन में रखा गया है।

**इसी कार्यकाल में बिल आने की संभावना**

## वन नेशन वन इलेक्शन' पर तेजी से काम कर रहा केंद्र

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र की एनडीए सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल के दौरान ही 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर विधेयक लाएगी। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' नाम दिया गया है।




सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दलों, विशेष रूप से केंद्र सरकार में शामिल सहयोगियों द्वारा इस बिल का समर्थन करने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यालय के पहले 100 दिन पूरे होने से ठीक पहले यह रिपोर्ट आई है। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे 4 जून को घोषित हुए थे और इसके पांच दिन बाद, 9 जून को नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। 'एक राष्ट्र एक चुनाव' भाजपा के लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में प्रमुख वादों में से एक रहा है। इस वर्ष लाल किले पर अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान भी, प्रधानमंत्री मोदी ने वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों को एक साथ आने का अनुरोध किया था।

### चुनाव सिर्फ 3 या 4 महीने के लिए होने चाहिए

पीएम मोदी ने कहा था, 'मैं सभी से एक राष्ट्र एक चुनाव के संकल्प को हासिल करने के लिए एक साथ आने का अनुरोध करता हूं, जो समय की मांग है।' लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी ने इस मुद्दे पर कहा था कि सरकारों के पूरे पांच साल के कार्यकाल के दौरान चुनाव ही नहीं होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा था, 'मैं हमेशा कहता हूं कि चुनाव सिर्फ तीन या चार महीने के लिए होने चाहिए। पूरे पांच साल राजनीति नहीं होनी चाहिए। इससे चुनावों का प्रबंधन करने वाले खर्च में कटौती होगी।' उन्होंने कहा था, 'हमने एक एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। उसने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। हम उसका अध्ययन कर रहे हैं, जिसके बाद ऐसे बिंदु सामने आएंगे जिस पर आगे कदम उठाए जाएंगे। एक राष्ट्र एक चुनाव हमारी प्रतिबद्धता है और यह केवल राजनीतिक प्रतिबद्धता नहीं है। यह देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।'

### रामनाथ कोविंद समिति ने सौंपी थी रिपोर्ट

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली समिति ने वन नेशन वन इलेक्शन की संभावनाओं पर मार्च में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट में जो सुझाव दिए गए हैं, उसके मुताबिक पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने चाहिए। समिति ने आगे सिफारिश की है कि लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ संपन्न होने के 100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव भी हो जाने चाहिए। इससे पूरे देश में एक निश्चित समयावधि में सभी स्तर के चुनाव संपन्न कराए जा सकेंगे। वर्तमान में, राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव अलग-अलग आयोजित किए जाते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ताओं के झूठे बयानों नाराज

**नई दिल्ली।** दोषियों की सजा माफी और समय से पहले रिहाई कराने के लिए अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट में झूठे बयान दे रहे हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

कोर्ट ने कहा कि लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। इससे हमारा विश्वास हिल गया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि पिछले तीन हफ्तों में उसके सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जहां दलीलों में गलत बयान दिए गए। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि अदालत में सजा में छूट न दिए जाने की शिकायत को लेकर बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा रही हैं। पिछले तीन सप्ताह में यह छठा-सातवां मामला हमारे सामने आया है, जिसमें दलीलों में गलत बयान दिए गए हैं। पीठ ने कहा कि हमारा सिस्टम विश्वास पर काम करता है। जब हम मामलों की सुनवाई करते हैं तो हम बार के सदस्यों पर भरोसा करते हैं, लेकिन जब हमारे सामने इस तरह के मामले आते हैं, तो हमारा विश्वास हिल जाता है। कोर्ट ने कहा कि एक मामले में छूट की मांग के लिए दायर याचिका में न केवल गलत बयान दिए गए हैं, बल्कि अदालत के समक्ष एक गलत बयान दिया गया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के तत्कालीन एडवोकेट ने जेल अधिकारियों को संबोधित 15 जुलाई, 2024 के ईमेल में झूठे बयान दोहराए।

## एक्ट्रेस दिशा पाटनी और अभिनेता अली फजल ने जमाया रंग

# एक्टर्स ने हेरिटज आंगन में की वॉक और मॉडल्स ने बिखेरे फैशन के रंग

बेधड़क.जयपुर। राजधानी के हेरिटेज आंगन में एक बार फिर बॉलीवुड के सितारों का जलवा देखने को मिला। इस बार एक्ट्रेस दिशा पाटनी और अभिनेता अली फजल ने मंच पर अपनी उपस्थिति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जयपुर के शाही मंच पर आयोजित इस कार्यक्रम में दिशा और अली के साथ अन्य एक्टर्स ने भी अपनी वॉक से माहौल को रंगीन कर दिया। इस खास शाम में जयपुर के लोगों के साथ-साथ अन्य शहरों से आए मेहमानों ने भी सितारों की इस वॉक का भरपूर आनंद लिया। सितारों के बीच मौजूद दर्शकों ने एक्टर्स को चीयर करते हुए खूब मोटिवेट किया। यह शाम जयपुर के लिए एक यादगार पल बन गई, जहां बॉलीवुड की चमक-धमक और फैशन के रंगों ने चार चांद लगा दिए।



### पद्मनाभ के साथ दिए पोज

डेशिंग और फिट दिशा पाटनी ने रेड ड्रेस में फोटोशूट करवा कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। उनकी स्टाइल और ब्यूटी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उन्होंने पद्मनाभ के साथ फोटोग्राफर्स को पोज देते हुए अपनी दिलकश अदाओं का जलवा बिखेरा। दूसरी ओर, अली फजल ने अपने ब्लैक सूट और लंबे बालों वाले लुक से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने मंच पर उपस्थित जयपुराइट्स का हाथ हिलाकर अभिनंदन किया और अपने फैंस का दिल जीत लिया।

### लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स को किया शोकेस

*इस इवेंट में सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि मॉडल्स ने भी अपनी फैशन की प्रस्तुतियों से गुलाबी नगरी के इस शाही मंच को और भी चमकदार बना दिया। मॉडल्स ने अपनी वॉक के दौरान लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स को शोकेस किया, जिसे देखकर जयपुर ही नहीं, बल्कि अन्य मेट्रो सिटीज से आए मेहमान भी मंत्रमुग्ध हो गए।*

## शिविर में 146 यूनिट रक्त एकत्र

# रक्तदान मानव की उत्तम सेवा



**बेधड़क. जयपुर।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संत निरंकारी मिशन रक्तदान शिविर रविवार को नारायण विहार, मानसरोवर शाखा में लगाया गया। एस एम एस ब्लड बैंक, स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से शिविर में निरकारी वॉलंटियर्स, सेवादल सदस्य, निरकारी अनुयायियों एवं क्षेत्र के रक्तदाताओं ने 146 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का उद्धघाटन जोन 20 बी, जयपुर के जोनल इंचार्ज सुनील बाली ने किया। शिविर के साथ-साथ आयोजित विशाल निरंकारी सत्संग में सुनील बाली ने कहा कि रक्तदान मानव मात्र की एक उत्तम सेवा है, जब पूर्ण सतगुरु की कृपा से इंसान को आत्मबोध हो जाता है तो प्रत्येक इंसान में परमात्मा की ज्योति दिखाई देती है। फिर मानव मात्र की सेवा परमात्मा की सेवा बन जाती है। यही भावना इंसान को मानव सेवा के लिए प्रेरित करती है। ब्रांच मुखी सुरेंद्र कुमार ने आभार व्यक्त किया। शिविर की व्यवस्थाएं क्षेत्रीय संचालक सेवादल मनोज कुमार खंगार के दिशा निर्देशन में की गई।

# देवी नगर में 450 पौधे लगाए



**बेधड़क. जयपुर।** वार्ड 53 देवी नगर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम संयोजक मंडल महामंत्री मानवेन्द्र सिंह बताया कि कार्यक्रम में 450 पेड़ लगाए गए। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गणेश कुमावत, बूथ अध्यक्ष गोकुल शर्मा, बजरंग निम्बी जोधा, राजपाल चौधरी, बहादुर सिंह शेखावत, वार्ड 52 अध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा, रतन कुमावत, देवेश निम्बार्क, दिनेश सेन, कमलेश कुमावत, रामस्वरूप कुमावत और रतन सिंह राजावत आदि उपस्थित रहे।

# श्रमदान कर प्लांटेशन किया



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने ग्रीनरी को बढ़ाने के लिए प्लांटेशन किया। इसके लिए टीम 10 ट्री एंबुलेंस ने विद्याधर नगर के सेक्टर 7 के गिन्नी अपार्टमेंट के पास वाली रोड साइड की ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण किया। टीम मैंबर्स सुबह 5 से 10 बजे तक श्रमदान करते रहे। साथ ही 24 लेबर ने भी काम किया। दूसरे ग्रुप ने विद्याधर नगर की विभिन्न गलियों से दो पिकअप मलवा उठाया। ट्री एंबुलेंस ने दोपहर एक बजे तक विद्याधर नगर की गलियों के पेड़ों की संभाल करी। साथ ही उन्होंने लोगों को भी ग्रीनरी लाने के लिए मोटिवेट किया।

## City इवेंट्स

### 29 को होगी साइक्लोथॉन

# साइक्लिंग करके दिया हेल्दी लाइफ स्टाइल का मैसेज



**बेधड़क. जयपुर।** हार्ट हेल्थ को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल के रूप में वर्ल्ड हार्ट डे पर होने वाली जयपुर साइक्लोथॉन को रविवार को प्रमोट किया गया। इसके लिए सिटी पार्क में जयपुर रनर्स क्लब की ओर से मासिक दौड़ और साइकिल राइड का आयोजन हुआ। गौरतलब है 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे पर साइक्लोथॉन होगा। ऐसे में कार्यक्रम में डॉ. संजीव शर्मा, जयपुर रनर्स के को-फाउंडर मुकेश मिश्रा और रवि गोयनका ने फ्लैग ऑफ कर रन और राइड की शुरुआत की। रन और राइड के संयोजक ऋषभ दुगड़ और सचिन भाटिया रहे। डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि हार्ट हेल्थ आज के समय में बहुत जरूरी है। नियमित साइक्लिंग और रनिंग न केवल हार्ट को मजबूत बनाती है, बल्कि शरीर को स्वस्थ रखने में मददगार होते हैं। मुकेश मिश्रा ने कहा कि लाइफ साइकिल को बढ़ाने के लिए जरूरी है कि साइकिल ज्यादा चलाई जाए। को-फाउंडर रवि गोयनका ने कहा कि साइक्लिंग तनाव कम करती है और आत्म-सम्मान, आत्म-नियंत्रण और चुनौतियों का सामना करने की भावना विकसित करती है।

# दशलक्षण धर्म मंडल विधान पूजा की



**बेधड़क. जयपुर।** राजधानी के बाहरी जनपद के उत्तरी भाग में स्थित विजय लालजी पांड्या की नसिया में दश लक्षण धर्म मनाया जा रहा है। नसियां जयपुर की स्थापना से पूर्व से है। नसिया से जुड़े हुए एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने दशलक्षण धर्म के दस उपवास-तप से कर्मों की निर्जरा कर पुण्यार्जन कर रहे हैं। अनिता जैन, हिना जैन, मानसी जैन आदि मौजूद रहे। सुबह सामूहिक दशलक्षण धर्म मंडल विधान पूजा के बाद व्रतियों के तप की अनुमोदना में विनतियों में भगवान की भक्ति की।

# श्रीजी की महाआरती में उमड़े श्रद्धालु



**बेधड़क. जयपुर।** दुर्गापुरा के श्रीचन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में चन्द्रप्रभु भगवान की संगीतमय महाआरती की गई। इसमें दुर्गापुरा निवासी हर्षचन्द, मनोज कुमार, सम्यक् कुमार सौगानी ने सहभागिता निभाई। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन, यशकमल अजमेरा, सुखानन्द काला, मंदिर समिति अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड़, मंत्री राजेन्द्र काला, उपाध्यक्ष नरेश बाकलीवाल, रेखा पाटनी, छोटा गिरनार अध्यक्ष प्रकाश बाकलीवाल आदि शामिल हुए।

## गजलों की पेशकश से खुशनुमा हुई शाम

# रंजिश ही सही दिल ही दुखाने के लिए आ,आ फिर से मुझे...




**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्स ने गजलों की शाम को एंजॉय करते हुए कलाकारों को दाद दी। मौका था आरआईसी के मंच पर हुए गजलों के कार्यक्रम का, जिसमें सिंगर मुकुल सोनी ने गजलों से गुलजार मंच को साकार किया। आरआईसी के कार्यक्रमों की कड़ी में गजल संध्या के दौरान बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी मौजूद रहे। आरआईसी कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मुद्गल ने बताया कि रीवा मध्य प्रदेश से आई मुकुल ने अपनी गजलों से दर्शकों का दिल जीत लिया। शाम 6:30 से 8:30 बजे तक लगातार विभिन्न गजलों की पेशकश से शाम को खुशनुमा बना दिया। इस दौरान ए मोहब्बत तेरे अंजाम पर..., मेरे हम नफस मेरे हम नवा..., नीयत-ए-शौक भर..., झुकी-झुकी सी नजर..., रंजिश ही सही..., प्यार का पहला खत..., आज जाने की जि..., मुझे हम में तुममें करार था..., पिया थे परदेस बसों तो..., इन आंखों की मस्ती..., नगमा-ओ-शेर की-साहिर लुधियानवी..., जैसी करीब 18 गजलों ने सभी को मुग्ध कर दिया। गौरतलब है मुकुल कई नेशनल-इंटरनेशनल मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। राजस्थानी वीणा के करीब 12 एल्बम उनके द्वारा निकाले जा चुके हैं। कई राष्ट्रीय महोत्सव में गजल व फिल्मी गायकी के लिए जानी जाती हैं। इस मौके पर गजल ईवनिंग नाम से हुए आयोजन में उनके साथ अन्य वाध यंत्रों पर कलाकारों ने परफॉर्म किया। दर्शकों ने सभी कलाकारों का स्वागत तालियों से करते हुए उनको मोटिवेट किया।

## गोपीजी भट्ट स्मृति संगीत समारोह

# शिव महिमा में संगीत, नाटक, कला व विरासत का 'तमाशा'

**बेधड़क | जयपुर**

संगीत, नाटक, कला, विरासत आदि सब देखने को मिला। मौका था 13वें स्व. गोपी भट्ट स्मृति संगीत नाट्य समारोह का, जिसमें दिलीप भट्ट का गायन खास रहा। उन्होंने शिव महिमा के गायन में शिव के रूपों को पेश किया। कई रागों का समावेश कर रवींद्र मंच के स्टूडियो थिएटर में घुंघरू की आवाज, तबले की थाप और तमाशा की बंदिशों की गूंज से दर्शक रूबरू हुए।

शिव महिमा तमाशा शैली में गणेश वंदना और लहरिया से शुरू की गई। नृत्य गायन में काले भुजंग सिर धरे एक जोगी आया है..., रंगीला शंभो गौरां न ले पधारो... के बाद हर-हर महादेव शंभू काशी विश्वनाथ शंभो जैसी रचनाओं से सभागार को गूंजायमान किया गया। आयोजन परम्परा नाट्य समिति द्वारा किया गया, जिसमें इस शिव महिमा में संवाद भी हुआ। कार्टूनिस्ट मनोज त्रिवेदी ने दिलीप भट्ट से नाट्य, अभिनय, संगीत, तमाशा जीवन शैली और परम्परा पर बात की। प्रस्तुति में तबले पर शैलेंद्र शर्मा, और सारंगी पर मनोहर महावार ने संगत की। गायन में हर्ष भट्ट व सचिन भट्ट रहे तो प्रकाश नरेंद्र बब्बल का रहा। वेशभूषा विजय लक्ष्मी भट्ट और सहायक सचिन रहे। कार्यक्रम दिलीप भट्ट के निर्देशन में हुआ और कलाकारों का सम्मान किया गया।



**धार्मिक कार्यक्रम** | जैनाचार्य गुप्तिनंदी ने पर्यूषण पर्व में उत्तम त्याग धर्म पर रखे विचार

# भौतिकता कितनी भी विकसित हो, मन को शांति नहीं देती

**बेधड़क | जयपुर**

'त्यागना प्राणी का नैसर्गिक धर्म है। वृक्ष में पत्ते, फल, फूल आते हैं तो वृक्ष उसका त्याग करता है। जब तक गाय अपने दूध का परित्याग नहीं करती, तब तक उसे बैचेनी रहती है। अर्जित संग्रह का विसर्जन करने पर ही स्वस्थता और ताजगी आती है। कुएं आदि जल स्त्रोत से जितना अधिक पानी निकलता जाता है। उतने ही ज्यादा पानी के आने के स्त्रोत खुले रहते हैं और संग्रहित जल का पर्याप्त निष्कासन नहीं हो तो पानी सूखने और सड़ने लगता है।' ये विचार प्रज्ञायोगी आचार्य गुप्तिनंदी ने रखे।

### महाशांतिधारा और पाद प्रक्षालन कार्यक्रम का लाभ उठाया

डाक्टर प्रेमचंद, आशीष, मयूर कासलीवाल परिवार ने गणिनी आर्यिकाश्री आस्थाश्री माताजी द्वारा रचित दशलक्षण व तत्त्वार्थसूत्र कांजीबारस विधान के साथ रत्नत्रय विधान संपन्न किया। महाशांतिधारा व पाद प्रक्षालन जगदीश, सुनिल, अमित पांडे परिवार ने किया। दोपहर में सकल दिगंबर जैन समाज आडूल द्वारा गणिनी आर्यिकाश्री आस्थाश्री माताजी द्वारा लिखित नंदीश्वर विधान धूमधाम से संपन्न किया। शाम को आचार्य ने ध्यान से अपने अंदर छिपी अध्यात्म संपदा का परिचय कराया। साथ ही धन्यकुमार मुनिराज के उद्धार का ध्यान कराया। गणिनी आर्यिकाश्री आस्थाश्री माताजी के प्रवचन की प्रेरणा से अनेक भक्तों ने दान और त्याग का नियम लिया।



### संग्रह जीवन को अंत में दुखदायी बना देता है

इस मौके पर उन्होंने कहा कि जो वृक्ष अपने फलों को लुटाते हैं उनमें बार-बार फल आते हैं और जो फलों को छिपाते हैं वो जमीकंद की तरह जड़ से उखाड़े जाते हैं। प्रकृति का उदाहरण हमें त्याग का उपदेश देते हैं। संग्रह जीवन को अंत में दुःखदायी बना देता है। प्रत्युत त्याग जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाता है। भारतीय संस्कृति त्याग व साधना की रही है। यहां वैभव ने भी वीतरागता का अभिनंदन किया है। वीतरागता के चरण पखारे हैं। विलासिता के भ्रम जाल से ऊपर उठकर आध्यात्मिक आनंद की खोज भारतीय साधना का मूल उद्देश्य रहा है। भौतिकता कितनी भी विकसित क्यों न हो जाए, लेकिन मन में शांति और स्थायित्व दिलाने वाली नहीं है। विवेकानंद से पत्रकारों ने पूछा कि हमारे यहां का सब वैभव विलास सौन्दर्य आपके मन में अब आपके देश के प्रति क्या विचार है? पत्रकारों का यह प्रश्न वैसे भारत की कमजोर अर्थव्यवस्था के प्रति उपहास के रूप में था, लेकिन स्वामी ने सटीक उत्तर दे उन्हें निरुत्तर कर दिया। विवेकानंद ने कहा कि यहां का यह सब वैभव विलास दे कर पहले मैं अपने देश से सिर्फ प्यार करता था, लेकिन यह सब देखने के बाद अब मैं अपने देश की पूजा करूंगा।



## मिस्र में ट्रेन हादसा: तीन की मौत... 49 यात्री घायल



*काहिरा। मिस्र के काहिरा के उत्तर-पूर्व में जागाजिग शहर में दो यात्री ट्रेनों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 49 यात्री घायल हो गए। रेलवे प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना शरकिया प्रांत की राजधानी जागाजिग शहर में हुई। टक्कर के बाद अल शरकिया प्रांत की राजधानी जागाजिग शहर में घटनास्थल पर तीस एंबुलेंस भेजे गए। हादसे के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की जांच की जा रही है।*


### कांगो: अदालत ने तख्तापलट के प्रयास का पाया दोषी

# 3 अमेरिकियों समेत 37 को सजा-ए-मौत

**एजेंसी** | किंशासा

कांगो की एक सैन्य अदालत ने तख्तापलट के प्रयास में शामिल होने के आरोप में दोषी ठहराते हुए तीन अमेरिकियों सहित 37 लोगों को मौत की सजा सुनाई। प्रतिवादियों में से अधिकांश कांगो के हैं, लेकिन उनमें एक ब्रिटिश, एक बेल्जियम और एक कनाडाई नागरिक भी शामिल है। दोषी पाए गए लोगों को फैसले को चुनौती देने के लिए मात्र पांच दिन का समय है। दोषियों पर तख्तापलट का प्रयास, आतंकवाद और आपराधिक संगठन बनाने जैसे आरोप हैं।

जून में शुरू हुए इस मुकदमे में चौदह लोगों को बरी कर दिया गया था। अदालत ने 37 प्रतिवादियों को दोषी ठहराया और 'सबसे कठोर मौत' की सजा सुनाई। यह फैसला पीठासीन न्यायाधीश मेजर फ्रेडी एहुमा ने खुले आसमान के नीचे सैन्य अदालत की कार्यवाही में सुनाया। इसका टीवी पर सीधा प्रसारण किया गया। नीले और पीले रंग के जेल के कपड़े पहने और प्लास्टिक की कुर्सियों पर बैठे तीनों अमेरिकी, अनुवादक द्वारा उनकी सजा के बारे में समझाए जाने पर निश्चल दिखाई दिए। छह विदेशियों का बचाव करने वाले वकील रिचर्ड बोंडो ने कहा कि वे इस बात से असहमत हैं कि क्या कांगो में वर्तमान में मृत्युदंड दिया जा सकता है। हालांकि इस वर्ष के शुरू में इसे बहाल कर दिया गया था और कहा कि मामले की जांच के दौरान उनके मुवक्किलों के पास अपर्याप्त दुभाषिए थे।



### निर्णय को देंगे चुनौती

वकील रिचर्ड बोंडो ने कहा कि हम इस निर्णय को अपील में चुनौती देंगे। मई में अल्पज्ञात विपक्षी नेता क्रिश्चियन मलंगा के नेतृत्व में असफल तख्तापलट के प्रयास के दौरान छह लोग मारे गए थे। इसमें राष्ट्रपति भवन और राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसीकेदी के एक करीबी सहयोगी को निशाना बनाया गया था। कांगो सेना ने कहा कि हमले की सोशल मीडिया पर लाइव स्ट्रीमिंग करने के तुरंत बाद गिरफ्तारी का विरोध करते समय मालंगा को गोली मार दी गई। मालंगा के 21 वर्षीय बेटे मार्सेल मालंगा और दो अन्य अमेरिकियों को हमले में दोषी ठहराया गया था। मार्सेल मालंगा एक अमेरिकी नागरिक है। उसकी मां ब्रिटनी सॉयर ने कहा है कि उसका बेटा निर्दोष है और वह केवल अपने पिता का अनुसरण कर रहा था। अपने बेटे की गिरफ्तारी के बाद के महीनों में सॉयर ने कई साक्षात्कार अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया। साथ ही मार्सेल को भोजन, स्वच्छता उत्पादों और बिस्तर के लिए धन जुटाने पर अपनी ऊर्जा केंद्रित की।

### पूर्व प्रधानमंत्री का कॉल लीक होने से मच गया हड़कंप!

# शेख हसीना बोलीं... 'मैं जल्द लौटूंगी बांग्लादेश'

**एजेंसी** | ढाका

देश छोड़कर भागने के एक महीने बाद, हाल ही में लीक हुई 10 मिनट की वायरल फोन कॉल में दावा किया गया है कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना देश वापस आ सकती हैं। लीक हुई कॉल से सोशल मीडिया और बांग्लादेश की सियासत में हलचल मच गई है, यह भी दावा किया जा रहा है कि 10 मिनट का यह लीक फोन कॉल शेख हसीना की थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कथित तौर पर लीक हुए ऑडियो कॉल में हसीना को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर लोग मूर्ख हैं, तो वह इसके बारे में कुछ नहीं कर सकती। फोन कॉल में उन्होंने इस बात का भी संकेत दिया कि वह जल्द बांग्लादेश वापस आ सकती हैं।

शेख हसीना ने कहा कि वे कुछ अजीब बातें कह रहे हैं। मैं बांग्लादेश के बहुत करीब हूं। बहुत दूर नहीं हूं, जल्दी वापस लौटने के लिए काफी करीब हूं। बता दें कि बांग्लादेश में सरकार विरोधी राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के बीच हसीना के देश छोड़कर भाग जाने के बाद उनका 15 साल लंबा शासन का अंत हो गया। हसीना के जाने के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने देश के मुख्य सलाहकार का पद संभाला।



### आधिकारिक पुष्टि नहीं

यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि कथित तौर पर लीक हुए फोन कॉल की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अगर यह सच है तो ऑडियो से पता चलता है कि निर्वासन के दौरान आवामी लीग नेता को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बांग्लादेशी समाचार आउटलेट द ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, यह बातचीत कथित तौर पर पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री और तनवीर नाम के एक व्यक्ति के बीच हुई थी, जो जाहिर तौर पर अमेरिका में आवामी पार्टी का नेता है।

### कौन है तनवीर?

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, हसीना से बात करने वाला व्यक्ति मोहम्मद तनवीर कैसर है। तनवीर वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका में राजनीतिक शरण मांग रहा है और उसने अतीत में दावा किया है कि उसे अवामी लीग सरकार द्वारा 'यातना' दी गई थी। उसने 2019 में पर्यटक वीजा पर अमेरिका में प्रवेश करने के बाद 7 मई, 2020 को शरण के लिए आवेदन दायर किया। तनवीर कथित तौर पर 4 जून, 2019 को लॉस एंजिल्स के माध्यम से अमेरिका पहुंचे और उनका बांग्लादेशी पासपोर्ट जनवरी 2021 में समाप्त हो गया। अवामी लीग के भीतर तनवीर की आधिकारिक स्थिति अभी भी स्पष्ट नहीं है।

### वायरल लीक कॉल में क्या कहा?

रिपोर्ट के अनुसार, लीक हुई कॉल में तनवीर ने हसीना को अवामी लीग के नेताओं की कठिनाइयों के बारे में बताया, जिनमें से कई कानूनी मामलों के कारण अपने निर्वाचन क्षेत्रों से बाहर रहने के लिए मजबूर हैं। बदले में हसीना ने कानूनी चुनौतियों को स्वीकार किया और बताया कि वह खुद 113 मामलों में फंसी हुई हैं। उन्होंने तनवीर को बांग्लादेश लौटने पर संभावित कानूनी परेशानी के बारे में भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सभी के खिलाफ हत्या के मामले हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हसीना ने तनवीर सलाह दी कि वे वहीं रहें और दूर से ही सहायता प्रदान करें। कॉल में उन्होंने बांग्लादेश की बिगड़ती आर्थिक स्थितियों पर बात की। साथ ही दावा किया कि देश फिर से गरीबी में जा रहा है। लीक कॉल में मौजूदा शासन पर बैंकों को लूटने और आवश्यक सेवाओं को बंद करने का आरोप लगाया।

### बलूचिस्तान में आदिवासियों का हमला... विस्फोट में आठ सुरक्षाकर्मी घायल

# गोलीबारी में लेवी फोर्स के मारे गए दो जवान

**एजेंसी** | क्वेटा

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग जिले के दरिनगढ़ इलाके में लेवी स्टेशन के पास आदिवासियों के एक समूह की गोलीबारी में लेवी फोर्स के दो जवान मारे गए। इस गोलीबारी में एक वरिष्ठ अधिकारी सहित तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य घटना में, कलात में सड़क किनारे हुए विस्फोट में आठ सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। एक खबर के अनुसार, गोलीबारी का कारण एक आदिवासी बुजुर्ग के भाई की गिरफ्तारी बताई जा रही है। इस गिरफ्तारी के विरोध में क्वेटा-नोशकी राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया था। इस दौरान लेवी फोर्स के जवानों को निशाना बनाया गया। मस्तुंग के डिप्टी कमिश्नर ने बताया है कि गोलीबारी में दो लेवी कर्मचारियों की जान चली गई। लेवी स्टेशन के एसएचओ सहित तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को तुरंत नवाब गौस बख्श रायसानी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। उल्लेखनीय है बलूचिस्तान पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से सटा है।






**एयर डिफेंस सिस्टम फेल**

# इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से अटैक

**एजेंसी** | तेल अवीव

यमन के ईरान समर्थित हूती चरमपंथियों ने रविवार की सुबह इजराइल पर मिसाइल से हमला बोला। यह मिसाइल इजरायली एयर डिफेंस को नाकाम करते हुए मध्य इजराइल के खुले क्षेत्र में गिरी। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई हमले के सायरन बजने लगे। यह पहली बार है जब इजराइल के इतने अंदर तक कोई मिसाइल पहुंची है। यमन के हूती विद्रोहियों ने हमले की जिम्मेदारी ली है। समूह के सैन्य प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में कहा गया कि ये हमला तेल अवीव को निशाना बनाकर किया गया था और उसने नई हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया है। इस हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हूती विद्रोहियों को कड़ी चेतावनी दे दी है। बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले को लेकर कैबिनेट बैठक बुलाई है, इससे पहले नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि आज सुबह हूतियों ने यमन से हमारे क्षेत्र में सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल दागी है। उन्हें अब तक पता चल जाना चाहिए था कि हमें नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश के लिए हम भारी कीमत वसूलते हैं। हमले में किसी बड़े नुकसान की रिपोर्ट नहीं आई है।



### साढ़े 11 मिनट में पहुंची मिसाइल

हूती समूह के सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि मिसाइल ने साढ़े 11 मिनट में 2040 किलोमीटर की दूरी तय की और इसने यहूदी लोगों के अंदर दहशत की स्थिति पैदा कर दी। 20 लाख से ज्यादा यहूदी इतिहास में पहली बार शरण लेने के लिए भागे। प्रवक्ता ने 7 अक्टूबर के हमले की वर्षगांठ से पहले इजराइल पर और अधिक हमलों की चेतावनी दी है।

### नेतन्याहू बोले- चुकानी पड़ेगी भारी कीमत

इजाराइल ने संकेत दिया है कि वह इस हमले का जवाब देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक में कहा कि हूतियों को पता चल जाना चाहिए था कि 'हमें नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश के लिए हमें भारी कीमत चुकानी पड़ती है। जिस किसी को भी यह याद दिलाने की जरूरत है, उसे हुदैदाह पोर्ट पर आकर देखने की जरूरत है। इजरायल ने कुछ समय पहले ही एक हमले के जवाब में हुदैदाह बंदरगाह पर हवाई हमला किया था।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl